फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 111, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





शक्ति तेरे अनेक रूप ... 7

जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह 11














## एक नजर

### प्रत्येक बूथ पर पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

**पीलीभीत।** स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नौ एवं 10 मार्च को प्रत्येक बूथ पर मैं हूं ना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि नौ एवं 10 मार्च को ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर के प्रत्येक बूथ पर मैं हूं ना कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की जागरूकता के लिए मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। जिन अर्ह व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनको पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम का प्रसार प्रचार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा के महासम्मेलन में पहुंचे विधायक

**पूरनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के आगरा में आयोजित अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान समर्थकों के साथ शामिल हुए। विधायक ने बताया कि सम्मेलन से कार्यकर्ता उत्साहित हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी 400 के पार सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी क्षमता के साथ जन संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक कर रहे हैं।

### फलदार पेड़ काटने वाले ठेकेदार पर केस

**पूरनपुर।** फलदार पेड़ों का कटान करने वाले ठेकेदार पर शिकंजा कसा गया है। बता दें कि बुधवार को शेरपुरकलां के ठेकेदार असलम खां ने गांव कढेरचौरा में दस हरे भरे पेड़ों को काट दिया था। बिना अनुमति काटे गए पेड़ को ठिकाने लगा दिया गया। इसका शोर बढ़ा तो सामाजिक वानिकी की टीम ने जांच पड़ताल की। जिसमें अवैध कटान की बात निकली। इस पर अब ठेकेदार असलम खां और खेत स्वामी के खिलाफ सामाजिक वानिकी में केस दर्ज किया गया है। रेंजर पीयूष मोहन ने बताया कि ठेकेदार ने दस पेड़ों को बिना परमिशन काटा। इनमे चार पेड़ अनुपयोगी थे। छह हरे पेड़ काटने पर कारवाई की गई है।

### किशोरी को ले जाने के आरोप में रिपोर्ट

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही दिलीप पांच मार्च को बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी बेटी नहीं मिल सकी है। बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# खत्म नहीं हो रहा मिलावट का खेल.. जांच में पनीर और मावा के नमूने फेल

## जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने संबंधित दुकानदारों को भेजे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 30 दिन में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एडीएम कोर्ट में दायर किया जाएगा वाद

**अमृत विचार :** जिले में मिलावट का खेल खत्म नहीं हो रहा है। त्योहारों पर खाने-पीने की चीजों की खपत बढ़ने से मिलावट और बढ़ जाती है। होली का त्योहार नजदीक आने पर मिलावटखोर और सक्रिय हो गए हैं। करीब तीन महीने पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पनीर और मावा के नमूने लिए थे, जो जांच में फेल हो गए। विभाग की ओर से दुकानदारों के खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं। 30 दिन में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एडीएम कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा।

त्योहार का समय नजदीक आते ही मिठाई, मावा, पनीर, दूध व अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। इसका नाजायज लाभ उठाकर मिलावटखोर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं चूकते। सरकारी सिस्टम की ढिलाई से मिलावटखोरों से शहरवासी तो जूझ ही रहे थे, अब तो गांव भी अछूते नहीं रहे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दिसंबर व जनवरी में अभियान चलाकर दूध से बनी चीजों के नमूने लिए गए थे। विभाग के मुताबिक 12 दिसंबर को मझोला स्थित हरपाल सिंह डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया था। 13 दिसंबर को पूरनपुर नगर स्थित पकड़िया चौराहा स्थित विशाल यादव की दुकान एवं पूरनपुर में बृजेश सिंह की डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया था। शहर के मोहल्ला चौक स्थित श्याम स्वीट्स से 17 नवंबर को पनीर का नमूना लिया गया था। इसके अलावा 20 जनवरी को गांव करोड़ में जयप्रकाश की दुकान से मावा का नमूना लिया गया था। सभी नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए थे, जिनकी रिपोर्ट अब आई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार पनीर के चारों नमूनों एवं मावा का एक नमूना अधोमानक पाया गया है। इसमें फैट की मात्रा काफी कम पाई गई। इन सभी दुकानदारों को को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में 30 दिन का समय दिया गया है। संतोषजनक जवाब न देने पर एडीएम कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा।

> उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। पूर्व में अभियान चलाकर पनीर व मावा के नमूने लिए गए थे। जांच में यह सभी अधोमानक पाए गए हैं। संबंधित दुकानदारों को नोटिस भेजा गया है।
> – **शशांक त्रिपाठी**, अभिहीत अधिकारी

### रिपोर्ट आने तक बाजार में खप जाता है मिलावटी सामान

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा संदेह होने पर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाते हैं। इन एकत्रित किए गए नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाता है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने में दो से तीन माह लग जाते हैं। संदेह के आधार पर लिए गए सैंपल के बाद शेष बचे माल की बिक्री पर कोई रोक नहीं होती है। ऐसे में दुकानदार मिलावटी माल को बाजार में खपा देते हैं। नतीजतन जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक तो अधोमानक पाए जाने वाला खाद्य पदार्थ खपा दिया जाता है।

### होली नजदीक.. खाद्य सुरक्षा विभाग चुप

होली नजदीक है। होली पर मावा, कचरी पापड़ की बिक्री बढ़ती है। जिसमें सेहत को हानि पहुंचाने वाले रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा मिलावटी मावा तैयार कर बाजार में मुनाफा कमाने के लिए खपाया जाता है। कई बार इस तरह के मिलावटी खाद्य पदार्थ पकड़े भी गए हैं। मगर इसके बाद भी सख्ती के नाम पर सिर्फ ग्रामीण इलाकों में छिटपुट दुकानदारों के यहां नमूने लेकर औपचारिकता निभाई जाती है। बड़े धंधेबाजों पर एफएसडीए टीम शिकंजा कसने में फेल रहती है। आलम यह है कि ग्रामीण इलाकों में छापेमारी का सिलसिला चलता रहता है और बड़े प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर कार्रवाई सीमित रहती है। अभी भी होली को लेकर आगामी प्लानिंग जिम्मेदारों के पास नहीं है।

# अलग-अलग स्थानों से तीन लड़कियां लापता, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों से तीन लड़कियां लापता हो गईं। तीनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

करेली थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री को छह मार्च की रात एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री नहीं मिल सकी है। पुलिस ने मामले में ग्राम बिलासपुर निवासी अवनीश के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इधर, सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में एक महिला ने बताया कि 15 फरवरी की रात 11 बजे उनकी 22 वर्षीय पुत्री को गांव जिरौनिया निवासी अमित अपने दोस्त प्रतापपुर गांव निवासी अरविंद की मदद से फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री नहीं मिल सकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इसके अलावा अमरिया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में एक व्यक्ति ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। तीन मार्च को दोपहर में खाना खाने के लिए घर पहुंचे तो पता चला कि उनकी पंद्रह वर्षीय पुत्री को कोई फुसलाकर ले गया है। संदेह पर एक मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# साढ़े पांच हजार किसानों को मिलेगा बिल माफी का लाभ

अनुज सिंह, पूरनपुर

- पूरनपुर तहसील के किसानों पर निजी नलकूप के बिजली बिलों के चार करोड़ रुपये हैं बकाया

**अमृत विचार :** सरकार ने निजी नलकूप का बिजली बिल माफ करने का ऐलान किया है, जिससे किसान बेहद खुश हैं। किसानों का कहना है कि इससे खेती की लागत कम हो जाएगी।

पूरनपुर क्षेत्र में निजी नलकूप कनेक्शन की संख्या लगातार बढ़ रही है। डीजल के दाम में हो रही बढ़ोतरी से परेशान किसानों का रुझान नलकूप की ओर है। हर महीने दर्जनों किसान नलकूपों के लिए आवेदन जमा कर रहे हैं। डीजल की खपत के कम हो रहे आंकड़े भी इस बात को साबित कर रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में नलकूपों की संख्या चार गुना हो गई है। पावर कारपोरेशन के मुताबिक वर्तमान में पूरनपुर क्षेत्र में लगभग साढ़े पांच हजार निजी नलकूप उपभोक्ता है। यह उपभोक्ता अपनी फसलों की सिंचाई के साथ-साथ आस पड़ोस के किसानों को भी लाभान्वित कर रहे हैं। नलकूप से सिंचाई करने के बाद में किसानों को अभी तक हजारों रुपए बिजली बिल का भुगतान हर महीने करना पड़ता था। इस समय नलकूप उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का लगभग चार करोड रुपए का बिल बकाया है। पिछले कुछ महीनों से नलकूप के बिजली बिल माफी की के बाद किसानों ने बिल जमा करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। हालांकि एक मुश्त समाधान योजना के तहत सैकड़ों किसानों ने नलकूप का बिजली बिल चुकता किया। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नलकूप किसानों का बिजली बिल माफ करने की घोषणा की है। किसानों को नलकूप से सिंचाई करने पर बिल नहीं देना होगा।

### बिल माफ होने से बढ़ेंगे नलकूप लगवाने वाले

कृषि लागत कम करने के लिए सरकार का यह कदम किसान सराह रहे हैं। अभी तक किसानों को 85 रुपए प्रति हॉर्स पावर के अनुसार बिल देना पड़ता था। किसानों को तीन, पांच, और साढ़े सात हॉर्स पावर के कनेक्शन कृषि कार्य के लिए दिए जा रहे हैं। बिल माफ होने के बाद नलकूप लगाने वाले किसानों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

> बिल माफी से किसानों को फायदा मिलेगा। पूरनपुर में पांच हजार से अधिक उपभोक्ताओं पर चार करोड़ बकाया है। वह माफ किया जाएगा। –
> –**प्रशांत गुप्ता**, एक्सईएन पूरनपुर

# जन्म प्रमाण पत्र लेने गए वकील से अभद्रता

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर अधिवक्ता और सचिव के बीच तनातनी हो गई। सचिव से नोकझोंक के बाद कई अधिवक्ता ब्लॉक पहुंचे और नाराजगी जताई। अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर देकर सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अधिवक्ता शिवनारायण गुरुवार दोपहर बाद एक क्लाइंट का जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए ब्लॉक पहुंचे। वहां उन्होंने सचिव धर्मेंद्र कुमार से जन्म प्रमाण पत्र मांगा। आरोप है सचिव ने जन्म प्रमाण पत्र आवेदक को देने की बात कहते हुए अधिवक्ता से अपशब्द कहे। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस हुई। कुछ देर बाद महामंत्री संजय पांडे के साथ दर्जन भर से अधिक वकील ब्लॉक पहुंच गए। उन्होंने सचिव के अभद्र व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की।



सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर ब्लॉक में एकत्र अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### जब एक अन्य ग्रामीण ने भी सुनाया दुखड़ा

जन्म प्रमाण लेने पहुंचे रमेश का भी हंगामे के बीच दर्द झलक पड़ा। रमेश के मुताबिक वह सप्ताह भर से चक्कर लगा रहे हैं। उनके जैसे दर्जनों लोग जन्म प्रमाण पत्र के लिए ब्लॉक में सचिवों के पास चक्कर लगाते रहते हैं। उनका आरोप है कि पहले तो सचिव मिलते नहीं। अगर मिल गए तो ढंग से बात नहीं करते। उनकी हरकतों से आम जनता त्रस्त है। तहसील से लेकर ब्लॉक तक के अधिकारी भी इस समस्या को नहीं सुलझाते हैं। सचिवों पर किसी का जोर नहीं है। मनमर्जी हावी है।

> –अधिवक्ताओं के ब्लॉक आने की जानकारी हुई है। मैं उस वक्त वहां नहीं था। इस संबंध में सचिव से बात की जाएगी। – **अजय देवल**, एडीओ पंचायत

> सचिव ने अधिवक्ता साथी के साथ अभद्रता की है। कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सचिव को माफी मांगनी होगी। इसके बाद बीच का रास्ता निकाला जाएगा। – **संजय पांडे एडवोकेट**, महामंत्री प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन

# जिले में अवैध तरीके से संचालित हैं 27 मदरसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर तहसील क्षेत्र में सात और कलीनगर का एक मदरसा शामिल
- शासन के आदेश पर जल्द होगी कार्रवाई, सरपरस्ती देने वाले भी तलाशे जाएंगे

**अमृत विचार :** सरकार के निर्देश पर हुई एसआईटी ने जांच की तो पीलीभीत 27 मदरसे अवैध तरीके से संचालित होते पाए गए। इसकी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। अब इन मदरसा संचालकों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो अवैध रूप से संचालित मदरसों को बंद होना तय है। सूत्रों के मुताबिक इस बात की जांच भी की जा रही है कि अवैध मदरसे किसकी सरपरस्ती में चल रहे थे।

मदरसों का संचालन मदरसा बोर्ड द्वारा किया जाता है। इनकी निगरानी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा की जाती है। पिछले डेढ़ दशक में प्रदेश में मदरसों की बाढ़ सी आ गई थी। भारत-नेपाल सीमा से सटे पीलीभीत जिले में बड़े पैमाने पर मदरसे खोले गए। इन मदरसों का उद्देश्य दीनी तालीम देना है। मगर, अधिकांश मदरसे अपने उद्देश्य से इतर अन्य कामों में लग गए। मामला सरकार के संज्ञान में आया तो वर्ष 2022 में मदरसों का सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान अधिकांश मदरसे बिना मान्यता के चलते पाए गए थे। सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए करीब डेढ़ महीने पहले एसआईटी जांच के निर्देश दिए थे। एसआईटी की जांच में प्रदेश भर में 13 हजार मदरसे अवैध तरीके से संचालित होते पाए गए। अधिकारियों के मुताबिक इनमें 27 अवैध मदरसे पीलीभीत में संचालित होते पाए गए हैं। इनमें भारत-नेपाल सीमा से सटी पूरनपुर तहसील में सात और कलीनगर का एक मदरसा शामिल हैं। यं सभी मदरसे बिना मान्यता संचालित किए जा रहे थे। बताते हैं कि एसआईटी जांच में मदरसों में आय-व्यय का ब्यांरा भी नहीं पाया गया है। स्थानीय अधिकारियों को अब शासन के आदेश का इंतजार है। शासन का आदेश आने के बाद इन सभी 27 अवैध मदरसों को बंद कराने की बात कही जा रही है।

> सरकार के निर्देश पर मदरसों की एसआईटी जांच कराई गई थी। जिले में भी 27 मदरसे अवैध तरीके से संचालित होना पाए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार इन मदरसों पर कार्रवाई की जाएगी।
> –**रोहित सिंह**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

### 220 मदरसे मान्यता लेकर चलाए जा रहे

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मुताबिक जिले में 220 मदरसों का संचालन किया जा रहा है। ये सभी मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त है, जिनकी निगरानी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा की जा रही है। इन मदरसों में दीनी तालीम के साथ अन्य विषयों की पढ़ाई भी कराई जाती है।

### जिम्मेदार अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

एसआईटी जांच के बाद अब जनपद में संचालित 27 मदरसों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बताते हैं कि ये मदरसे लंबे अरसे से संचालित हो रहे थे। इनके अवैध तरीके से संचालन की बात भी सामने आ चुकी है। सवाल यह है कि अभी तक इन अवैध रूप से से लेकर जिम्मेदार बेखबर रहे। उनके स्तर से इसका पता ही नहीं लगाया जा सका। इसे लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा समाप्त, बच्चों ने उड़ाया रंग-गुलाल

कार्यालय, संवाददाता पीलीभीत

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से चल रही परीक्षाएं गुरुवार को हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा समाप्त हो गई है। परीक्षा के बाद छात्रों ने दिल खोलकर होली खेली। केंद्रों से बाहर आते ही हवाओं में रंग और गुलाल उड़ाया। हुड़दंग के बीच परीक्षार्थियों ने एक- दूसरे को गुलाल लगाया। आखिरी दिन हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान का पेपर हुआ, जिसमें 1560 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट में 864 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इंटरमीडिएट की परीक्षा नौ मार्च तक चलेगी।

गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल में सुबह साढ़े आठ से पौने 12 बजे तक सामाजिक विज्ञान का पेपर हुआ। इसी पाली में इंटरमीडिएट में फोटोग्राफी को पेपर हुआ। सुबह साढ़े सात बजे से परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी जुटना शुरू हो गए। आठ सात बजे चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। इसमें पेपर में 24484 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 13,888 छात्र और 10,596 छात्राएं शामिल हैं, लेकिन परीक्षा में 12,814 छात्र और 10,115 छात्राएं ही उपस्थित रहीं। इनमें 1074 छात्र और 481 छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि इसी पाली में इंटरमीडिएट में वोकेशनल कोर्स से जुड़े रंगीन फोटोग्राफी और परिधान रचना एवं सज्जा का पेपर कराया गया। जिसमें 100 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 99 ने परीक्षा दी, जबकि एक छात्र ने परीक्षा छोड़ दी। दसवीं का पेपर देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने अपने साथियों के साथ रंग गुलाल उड़ाकर होली खेली।



गुरुवार को हाईस्कूल की परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षा। ● अमृत विचार

- हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान में 2424 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर
- इंटरमीडिएट में आखिरी पेपर कल होगा

> दो पालियों में हाईस्कूल और इंटर का पेपर कराया गया। हाईस्कूल की परीक्षा समाप्त हो गई है। इंटर का आखिरी पेपर नौ मार्च को होगा। जबकि वोकेशनल कोर्स में हाईस्कूल का पेपर है। परीक्षा समाप्त होने के बाद सुरक्षा के बीच कॉपियों को मूल्यांकन के लिए बोर्ड भेजा जाएगा।
> –**गिरजेश कुमार**, डीआईओएस

### प्रैक्टिकल से वंचित 128 परीक्षार्थियों को एक और मौका

**पीलीभीत।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए परीक्षार्थियों को बोर्ड ने एक और मौका दिया है। अब इन परीक्षार्थियों के लिए 13 और 14 मार्च को तीसरी व अंतिम बार प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिले में बोर्ड परीक्षा से पहले इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई गई थी। जिसमें कई छात्र - छात्राएं वंचित रह गए थे। उनको फरवरी में एक मौका दिया गया था। इसके बाद भी कई परीक्षार्थी वंचित रह गए। जिले में करीब 128 छात्र-छात्राएं प्रयोगात्मक नहीं दे सके थे। जिस वजह से परीक्षार्थी परेशान थे। बोर्ड परीक्षा के अंतिम दौर में बोर्ड सचिव की ओर से छात्रहित में परीक्षार्थियों को एक मौका और दिया है।

# लकड़ी काटने से रोकने पर हमला करने का आरोप

**माधोटांडा, अमृत विचार:** वन क्षेत्र में लकड़ी काटने से मना करने पर दो लोगों ने वन दरोगा पर हमला कर दिया। आरोप है कि बांके से वार कर घायल कर दिया। पुलिस तहरीर मिलने पर जांच में जुट गई है।

वन दरोगा नंदराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल के बाइफरकेशन सेक्शन में गुरुवार को कुछ लोग अवैध रूप से घुसकर लकड़ी काटने लगे। इसकी सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे और लकड़ी काटने से रोका तो दो लोगों ने हमला कर दिया। इसके बाद धमकी देकर भाग गए। रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि वन दरोगा पर जंगल में दो लोगों ने हमला कर दिया था। पुलिस से शिकायत की गई है। उधर, एसओ अचल कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### प्रधानों ने मांगों को लेकर ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**बीसलपुर।** राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें विभिन्न मांगों को जल्द पूरा कराने की मांग की गई। एसडीएम महिपाल सिंह को दिए ज्ञापन में बताया गया कि मनरेगा के अन्तर्गत किए जाने वाले भुगतान को खंड विकास अधिकारी के डोगल से न होकर प्रधान व सचिवों के डोगल से कराया जाए। सहायक सचिव कम डाटा इंट्री ऑपरेटर व सामुदायिक शौचालय केयर टेकर, प्रधान के मानदेय की व्यवस्था ग्राम निधि से न होकर राज्य सरकार द्वारा अलग से की जाए। ग्राम पंचायतों में राजनीतिक दोष भावनाओं से की जाने वाली शिकायतों पर दोष सिद्ध न होने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ दंड का प्रावधान किया जाए। ग्राम पंचायत में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पंचायत में अलग से मद की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे पंचायतों की सांस्कृतिक धरोहरों को बचाया जा सके। प्रधानों को मिलने वाले मानदेय के साथ अन्य महंगाई भत्तों को जोड़ा जाए। इसी के समेत करीब दस मांगे रखी गई। ज्ञापन देने वालों में संजय पांडे, चंद्रभान, ओमवती, भगवानदेई, कमला देवी, जदवीर, किरन देवी आदि थे।

### महिलाओं में पुरुष के समान क्षमता, उन पर करें भरोसा




**पीलीभीत।** जन शिक्षण संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मोहल्ला कबीर खां, फीलखाना और बरखेड़ा के वार्ड नंबर आठ, मोहल्ला इन्द्रीगंज, ललौरीखेड़ा ब्लॉक के ग्राम पौटाकलां में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। संस्थान निदेशक सलीम मियां ने कहा कि लैंगिक समानता लाने के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। महिलाओं में भी पुरुषों के समान क्षमता है, बशर्ते उन पर भरोसा किया जाए। समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाएं अपना स्थान सुनिश्चित करने के साथ-साथ अलग पहचान बना रही हैं। प्रत्येक महिला को अपना महत्व समझना चाहिए और उनमें अपनी प्रगति के लिए प्रयास करने का साहस भी होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी संदीप मिश्रा ने कहा कि महिला शक्ति अविश्वसनीय है। यह बात सही है कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है।

### डीएम ने अमृत सरोवर पर हो रहे कार्यों का लिया जायजा



**पीलीभीत।** डीएम ने गुरुवार को न्यूरिया हुसैनपुर में अमृत सरोवर पर कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीसी मनरेगा को बैंचों एवं सीढी आदि का निर्माण कराने के निर्देश दिए। न्यूरिया हुसैनपुर में मनरेगा के तहत अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है। डीएम संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को अमृत सरोवर पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में लगे मजदूरों की संख्या की जानकारी लेने के साथ कार्यों का बारीकी से देखा। रोजगारसेवक से जॉबकार्ड के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने डीसी मनरेगा को अमृत सरोवर पर बैठने के लिए बेंच, इंटरलॉकिंग, पटरी एवं सीढ़ियों का निर्माण कराने के साथ जल्द कार्य पूरा कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा मृणाल सिंह, खंड विकास अधिकारी मृदुला आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को किया सम्मानित

**अमरिया, अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता निर्णायक समिति के अध्यक्ष खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव, एआरपी खेमपाल ,गुलनाज ,दिलीप, देवेंद्र, शिशुपाल सिंह, विजय जायसवाल के निर्देशन में हुई।

करीब 250 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विज्ञान क्विज में बेहतरीन प्रदर्शन पर 10 बच्चों रजनीश, अंकित, सोनम, हीराकली, उमाशंकर, नेहा, मनोज पाल, आशना, करन गुप्ता, प्रियांशी को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# बेटे को दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देकर शिक्षक से 45 हजार रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- फोन पर ठग ने खुद को बताया शिक्षक के बेटे का शुभचिंतक, बेटे से बात होने पता चली घटना

**अमृत विचार :** साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक बार फिर पुलिस का डर दिखाकर साइबर ठगों ने वारदात की। ठगों ने एक शिक्षक को फोन पर दिल्ली में पढ़ रहे उनके बेटे के दुष्कर्म के मामले में फंसने की बात कहते हुए 1.50 लाख रुपये की मांग की। शिक्षक ने बेटे का मामला होने के चलते झांसे में आकर खाते में 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब शिक्षक ने अपने बेटे से बात की, तो ठगी का पता चला। बेटे ने स्पष्ट किया कि ऐसा कुछ था ही नहीं। पीड़ित शिक्षक ने साइबर हेल्पलाइन में शिकायत की है।

कोतवाली के मोहल्ला निरंजनकुंज कॉलोनी में रहने वाले शिक्षक रविंद्र शर्मा न्यूरिया क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल शौकत नगर स्कूल में तैनात हैं। उनका बेटा आयुष शर्मा दिल्ली के एक कॉलेज से बीटेक कर रहा है। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे शिक्षक रवींद्र को एक फोन आया और कॉल करने वाले ने खुद को बेटे का शुभचिंतक बताया। कहा कि पीड़ित का बेटा दुष्कर्म के मामले में फंस गया है। जिसे लेकर बेटा आयुष बहुत परेशान है और रो रहा है। फोन करने वाले ने शिक्षक से 1.50 लाख रुपये का इंतजाम करने के लिए कहा। घबरा कर रवींद्र ने तीन बार में 20-20 हजार व पांच हजार रुपये ठग के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। रुपये भेजने के बाद उन्होंने यह बात अपने साथी शिक्षक को बताई। साथी शिक्षक ने समझाया और फिर बेटे से जब बात की गई तो उसने सब सकुशल बताया। जिसके बाद ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 111, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 12
रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा 11










## लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

## केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### कैबिनेट के फैसले



- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

### उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

## पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

## दो महिलाओं समेत छैमार हसीन गैंग के 8 सदस्यों को फांसी की सजा

### सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले पड़ा था डाका

विधि संवाददाता, बरेली



सुरेश शर्मा नगर में हुए ट्रिपल मर्डर के आरोपियों को फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें न्यायालय से जेल लेकर जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- आयकर इंस्पेक्टर के भाई-भाभी और मां की कर दी गई थी हत्या
- चार मार्च को कोर्ट ने सभी को दोषी करार देकर भेजा था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख का जुर्माना

**अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई। इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। प्रत्येक पर एक लाख 60 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की सारी रकम वादी को दी जाएगी। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था।

शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया।

रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए। गैलरी में खिड़की खुली दिखी जिसकी ग्रिल निकली हुई थी। छत का भी दरवाजा खुला हुआ था। रविकांत बगल के निर्माणाधीन मकान की छत से ही होते हुए घर के अंदर पहुंचे तो 60 वर्षीय मां पुष्पा का सीढ़ियों के पास शव पड़ा पाया। बेडरूम में भाई योगेश और उनकी पत्नी प्रिया की लहूलुहान लाश पड़ी हुई थी। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था, अलमारी टूटी हुई थी। साफ लग रहा था कि घर में लूट हुई है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक और एडीजीसी क्राइम दिगंबर पटेल के मुताबिक पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध डकैती, हत्या और आपराधिक षडयंत्र की गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। लंबी छानबीन के बाद इस मामले में डकैती और हत्या करने छैमार गैंग के सदस्यों के साथ शाहजहांपुर के चौक इलाके के सदर कैंट निवासी सर्राफ को भी गिरफ्तार कर लिया गया जिसने लूटे गए जेवर खरीदे थे।

**इन्हें फांसी की सजा...:** बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

## बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : प्रधानमंत्री

### मोदी ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

श्रीनगर, एजेंसी

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

### कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी, दोस्त कहा

**श्रीनगर।** कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

## एक नजर

### आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। सूचना के बाद पुलिस की टीम एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते के साथ कॉलेज पहुंचीं।

### कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही।

## शराब के लिए रुपये न देने पर पेट्रोल डालकर पत्नी को जिंदा जला दिया

संवाददाता, मुजरिया (बदायूं)



- महिला को बचाने के दौरान झुलस गई सास, आरोपी पति गिरफ्तार

**अमृत विचार :** नशे में धुत युवक ने शराब पीने के लिए और रुपये न देने पर पत्नी के साथ मारपीट की फिर उसके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला की मौके पर मौत हो गई। सास ने बचाने का प्रयास किया तो वह भी झुलस गईं। पुलिस ने आरोपी पति को पकड़ लिया है।

मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी मुनीष सक्सेना पुत्र प्रेम स्वरूप सक्सेना शराब पीने का आदी है। परिजन शराब पीने से मना करते हैं लेकिन वह नहीं मानता जिसके चलते घर में आए दिन विवाद होता रहता है। गुरुवार शाम भी वह शराब पीकर घर आया। उसने पत्नी सन्नो देवी (40) से और शराब पीने को रुपये मांगे। सन्नो ने रुपये देने से मना कर दिया। इस बात से मुनीष इतना गुस्सा हो गया कि सन्नो से मारपीट की। इसके बाद घर के बाहर गया। बाइक से पेट्रोल निकालकर लाया और सन्नो देवी पर डालकर आग लगा दी। सास मुन्नीदेवी ने आग बुझाने का प्रयास किया जिससे उनके हाथ झुलस गए। कुछ देर बाद सन्नो देवी की मौत हो गई। मुजरिया थानाध्यक्ष आरती कौशिक घटनास्थल पर पहुंचीं और आलाधिकारियों को सूचना दी। एसडीएम प्रवर्धन शर्मा और सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। मुन्नी देवी को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सीओ कर्मवीर सिंह ने बताया कि सन्नो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त



**लखनऊ।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत 6 जगह ईडी के छापे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाई-पिता, सपा नेत्री नूरी शौकत हाजी वसी के घर भी तलाशी
- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, तिजोरी-लॉकर काटे गए

**अमृत विचार :** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी और जमीन के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। यह जांच मनी लांड्रिंग के तहत की गई। इरफान सोलंकी एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद है। गुरुवार सुबह ईडी अधिकारी सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। ईडी द्वारा तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक और भाई रिजवान के घर भी छानबीन की गई। देर शाम तक कार्रवाई जारी रही।

## सोना पहली बार 65 हजार के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 500 रुपये की तेजी के साथ 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। लगातार तीसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

## यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआइ प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

## दिव्यांगता का झेला दंश, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

अंकित चौहान, बरेली

### संघर्ष की मिसाल

- गरीब बेटियों को शिक्षित करने का उठाया बीड़ा, गांव में चलाया साक्षरता अभियान

**अमृत विचार :** घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसे ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की। श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही पता लग जाते हैं, पुष्पा की पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता-पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।

### हमें अपने दिमाग से दुनिया को जितना है

पुष्पा का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ-पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।



### अपने गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8वीं कक्षा में हैं।

### उपेक्षा से भी नहीं मानी हार, हमेशा रहीं अव्वल

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92 प्रतिशत, 2012 में बीए में 65 प्रतिशत, एमए में 62 प्रतिशत और एमसीए में 97 प्रतिशत अंक लेकर हमेशा प्रथम रहीं।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# दो हजार मीटर दौड़ में रुचि, ऊंची कूद में शगुन और चक्का फेंक में नीलम प्रथम

## गांधी स्टेडियम में खेल विभाग की ओर से आयोजित की गईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


हरी झंडी दिखाकर दौड़ आरंभ कराते अधिशासी अभियंता पंकज भारती।

**अमृत विचार :** खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए गुरुवार को गांधी स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 2000 मीटर की दौड़ में रुचि और ऊंची कूद में मोहम्मद खान प्रथम रहे। अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज भारती ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ आरंभ कराई।

प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में निशा प्रथम, प्रिया द्वितीय और वर्षा तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में प्रियांशी प्रथम, शगुन पाल द्वितीय व अर्चना पटेल तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर रेस में प्रियांशी राठौर प्रथम, कुमकुम द्वितीय और प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर रेस में सीतू गंगवार प्रथम, आकृति द्वितीय और नैंसी तृतीय पायदान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में दिव्यांशी प्रथम, पायल द्वितीय और सुहानी तृतीय स्थान पर आई। 2000 मीटर की दौड़ में रुचि प्रथम, सीतू गंगवार द्वितीय और आकृति तृतीय स्थान पर रहीं।

शाटपुट में सुजीता प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय और निमेष तृतीय पर आई। जबकि चक्का फेंक में नीलम प्रथम, वर्षा द्वितीय और सुजीता तृतीय नंबर पर रहीं। भाला फेंक में सुजीता प्रथम, प्रियांशी राठौर द्वितीय और लवप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रही। ऊंची कूद में शगुन प्रथम, रुचि द्वितीय, प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग ऊंची कूद में मोहम्मद अबी प्रथम, कामरान द्वितीय और अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे।

बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में रोहित प्रथम, मोहम्मद खा द्वितीय और मोहम्मद अबी तृतीय नंबर पर रहे। 200 मीटर में आर्यराज प्रथम, कृषि द्वितीय, मोहम्मद खान तृतीय स्थान पर रहे। जबकि 400 मीटर में रोहित प्रथम, सनावर द्वितीय और अर्जुन तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में राहुल प्रथम, क्रिश द्वितीय और कामरान अली तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, 1500 मीटर रेस में राहुल प्रथम, प्रशांत द्वितीय और राजेश तृतीय नंबर पर रहे। 3000 मीटर रेस में कामरान प्रथम, राहुल द्वितीय और प्रशांत तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में ओजस को पहला, सूरज को दूसरा और अभिषेक ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को सीएमओ डॉ. आलोक कुमार और अधिशासी अभियंता पंकज भारती ने सम्मानित किया।

इस मौके पर कोच महेश कुमार, दयावती, प्रगति सिंह, खेल शिक्षक बिनु गंगवार और राजीव कुमार, संजय पांडे मौजूद रहे।

# 22 यार्ड अकादमी ने 180 रन से मॉर्निंग क्लब को हराया


क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। • अमृत विचार

• जिला स्तरीय यूनिटी क्रिकेट लीग जारी, रिजवान खान बने मैन ऑफ द मैच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय यूनिटी क्रिकेट लीग के दूसरे दिन गुरुवार को 22 यार्ड अकादमी ने एकतरफा मुकाबले में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब को 180 रन के हराकर शानदार जीत दर्ज की। रिजवान खान मैन ऑफ द मैच रहे।

इनिशियम ग्लोबल स्कूल 22 यार्ड अकादमी मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 यार्ड अकादमी ने निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट खोकर 287 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रिजवान खान ने 49 गेंद पर 10 चौके और चार छक्कों की मदद से 85 रन बनाए। अभिजीत गंगवार ने 48 गेंद पर आठ चौके, तीन छक्के मारकर 68 रनों की पारी खेली। इसके अलावा यश मिश्रा ने 39 गेंद पर पांच चौके की मदद से 43 रन बनाए। हर्षित और साहिल ने 25-25 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में रोहित ने दो, अफनान अली, राजीव और नाजिम ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की पूरी टीम मैदान में उतरी लेकिन उनके बल्लेबाज टिक ही नहीं सकी। 20 ओवर में सिर्फ 107 रनों पर टीम ऑलआउट हो गई। रोहित ने 23, अमन रस्तोगी ने 10, अब्दुल ने 15, आकाश ने 25, अफनान ने 10 रनों का योगदान दिया। 85 रन की पारी और बॉलिंग में दो विकेट झटकने पर रिजवान को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिला।

# चुनाव से पहले सार्वजनिक करें चंदा देने वालों के नाम


धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। • अमृत विचार

• कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई बैंक के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नौगवां चौराहा पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बांड को निरस्त कर एसबीआई को निर्देशित किया था कि छह मार्च तक चुनावी बांड मे चंदा देने वालों के नाम चुनाव आयोग व जनता में सार्वजनिक करें, लेकिन भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि चुनाव से पहले उनकी पोल पट्टी खुले। उनके उद्योगपति मित्रों ने भाजपा को जो चंदा दिया है वह करीब 54 प्रतिशत है। कांग्रेस इस धरने के माध्यम से एसबीआई के उच्च अधिकारियों से मांग करती है कि चुनावी बांड में चंदा देने वाले लोगों की सूची चुनाव से पहले सार्वजनिक करें। आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में रहने के लिए देश के धन का दुरुपयोग कर रही है। धरना देने वालों में शहर अध्यक्ष अभिनय गुप्ता गोल्डी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, ईश्वर दयाल पासवान एडवोकेट, युसूफ मलिक, डॉ.नागेश पाठक, हेमंत मिश्रा एडवोकेट, आशुतोष अग्निहोत्री, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष इश्तियाक अहमद अंसारी, नीलम सिंह, राजेश वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश शुक्ला, मुनेंद्र पाल सक्सेना, वासुदेव ठाकुर, रफीक अहमद अंसारी, किशन सिंह पटेल, रेहाना परवीन, नफीसा बी आदि थे।

# किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के एक व्यक्ति की तहरीर पर बहला फुसलाकर ले जाने, बंधक बनाकर दुष्कर्म, मारपीट और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें चंद्रपुरा गांव निवासी मुन्ना, बरेली के केसरपुर गांव निवासी कय्यूम, अरबाज और शाहीन को आरोपी बनाया है।

दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि 12 फरवरी को सुबह दस बजे उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री खेत पर गई थी। जब काफी देर बाद भी वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। 25 फरवरी को पुत्री अचानक घर आ गई। उसने बताया कि आरोपी मुन्ना उसे अगवा करके ले गया था। आरोपी कय्यूम के घर पर ले जाकनिकाह का झांसा देकर कई दिन तक जबरन मुन्ना ने दुष्कर्म किया।

# अछूता नहीं रहेगा ब्लॉक से जुड़ा कोई गांव

संवाददाता, अमरिया


बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह। • अमृत विचार

• अमरिया ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित

**अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। इसमें ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि के रूप में उनके भाई ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार रहे।

बैठक में क्षेत्र पंचायत की पिछले कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बीडीओ जय कुमार यादव ने एजेंडे के बारे में जानकारी दी। कहा कि ग्राम पंचायतों की बड़ी कार्ययोजना जो ग्राम पंचायत से न हो पाए उसे क्षेत्र पंचायत के प्रस्ताव में शामिल कराया जाए। ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से किए गए विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रस्ताव लिए गए। लघु सिंचाई, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण पेयजल योजना, आजीविका मिशन, शिक्षा, बाल विकास पुष्टाहार एवं स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, कृषि व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना स्वच्छ भारत मिशन एनआरएलएम योजना में आदि की जानकारी दी गई। प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। नाली, खड़ंजा, इंटरलाकिंग कार्य, सीसी रोड निर्माण, अमृत सरोवर तालाब, श्मशान घाट, वाटर कूलर, यात्री शेड आदि के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। संचालन ग्राम विकास अधिकारी विजय राज ने किया।

# निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर छात्र सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कार्यशाला में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करते बीईओ व अन्य।

• कार्यशाला में विद्यालय प्रबंध समिति के साथ स्कूल का विकास करने की बनाई रणनीति

**अमृत विचार :** गुरुवार को विकासखंड मरौरी के ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्ष और प्रधानाध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यशाला का बीएसए कार्यालय में आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर और बीईओ शिव शंकर मौर्य ने की।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बेसिक शिक्षा में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बच्चे निपुण हो रहे हैं। बीईओ ने कहा है कि नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। बच्चों को शासन डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म जूते मोजे की धनराशि का पैसा सीधे अभिभावकों के खाते में भेजा जा रहा है। जिला समन्वयक मनीष श्रीवास्तव ने विकासखंड मरौरी के निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले चाट डांग बलदेवपुर की कक्षा एक की छात्र रूपेश राजपूत, मोहनपुर प्राइमरी स्कूल के कक्षा दो की छात्रा भागवती, प्राइमरी स्कूल रामनगर कक्षा दो की छात्रा मंजू कुमारी, सैदपुर स्कूल की कक्षा दो की छात्रा अनुराधा , टाह पौटा के स्कूल की कक्षा दो की छात्रा सोनी, देवीपुरा के स्कूल की कक्षा एक की छात्रा पल्लवी, दहगला की छात्रा निशि वर्मा सहित 20 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया । इस मौके पर एसआरजी अमित पाठक , वैभव जैसवार ,केके सागर, अजय कुमार ,सत्यपाल ,अचल सक्सेना ,रामगोपाल वर्मा, ललिता गंगवार, सीता मिश्रा, विभव सक्सेना, अन्नपूर्णा विश्वकर्मा आदि रहे ।

## बच्चों को निपुण बनाने पर दिया जोर

**पूरनपुर।** गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एआरपी बेचेलाल ने बाल वाटिका के बारे में जानकारी दी। कपिल गुप्ता ने ऑपरेशन कायाकल्प के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 23 विद्यालय निपुण विद्यालय घोषित किए गए हैं। शेष 50 विद्यालयों में 75 प्रतिशत बच्चे निपुण हो चुके हैं। 60 विद्यालय ऐसे हैं जहां अभी तक 60 प्रतिशत बच्चों ने निपुण लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। बीईओ ने कहा कि सभी विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधानों का सम्मान करें।

# आजाद समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी गठित

**पीलीभीत, अमृत विचार:** आजाद समाज पार्टी ने जिला कार्यकारिणी औ विधानसभा के पदों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी। जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम ने बताया कि सहदेव गंगवार, अब्दुल वहीद खान उर्फ अम्मन मियां, शेर सिंह गौतम जिला उपाध्यक्ष, इरफान अंसारी जिला महासचिव, गोपाल सिंह सागर, बब्लू श्रीवास्तव, रमेश मौर्य, सलमान खान जिला सचिव , धर्मपाल वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, अजमल खां, भद्रसेन भारती, इजाहिद हुसैन मंसूरी, महेंद्र गंगवार, अलीम अंसारी, सर्वेश कुमार पाल जिला संगठन मंत्री बनाए गए हैं।इसके अलावा सदर विधानसभा में राजाराम प्रचारी, बीसलपुर में अधीन गंगवार, बरखेड़ा विधानसभा में भगवानदास सागर, पूरनुपर विधानसभा अध्यक्ष राजाराम गौतम को बनाया गया है।

# भोले भंडारी को लगाई गई मेहंदी, आज होगा जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पंचमुखी हनुमान मंदिर में भोलेनाथ को मेंहदी लगाते भक्त।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। इससे एक दिन पूर्व गुरुवार को मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गई। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार इस बार महाशिवरात्रि पर पंच महापुरुष योग बन रहा है। इस शुभ संयोग में महाशिवरात्रि पर शिव की आराधना करने से मनोकामना पूर्ण होगी।

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिवालयों में बाबा को मेहंदी लगाई गई। शिवभक्तों का तांता लगा रहा और देर रात तक भजन कीर्तन किए। महाशिवरात्रि को लेकर गौरीशंकर मंदिर कमेटी की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दूधियानाथ मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर समेत अन्य शिवालय भी पर्व को लेकर तैयार कर दिए गए हैं। फूलों की सजावट की गई है। गुरुवार को गौरीशंकर मंदिर में पंडित जयशंकर शर्मा के साथ अन्य श्रद्धालुओं ने बाबा को मेहंदी लगाई। जिसके बाद बाबा का दरबार मनमोहक हो उठा। पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी बाबा को मेहंदी लगाई गई। भक्तों ने मंगल गीत गाए। शुक्रवार को मंदिर में बढ़ी तड़के सुबह से ही बढ़ी तादाद में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर बैरिकेडिंग कराई गई है। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश द्वार अलग-अलग बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मंदिर में दीपक नहीं जलाएं। प्राचीन गौरीशंकर मंदिर जाने वाले भक्तों के वाहन ब्रह्मचारी घाट मोड़ तक जाएंगे।

## हरिद्वार से जल लेकर लौटे कांवड़ियों का स्वागत

**पूरनपुर।** चंदिया हजारा से कांवड़ियों के दो जत्थे हरिद्वार जल लेने के लिए गए थे। वहां से गुरुवार को लौटने कावड़ियों का नगर में भव्य स्वागत किया गया। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा से कुछ दिन पहले कावड़ियों के दो जत्थे हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए थे। एक जत्थे में करीब 150 और दूसरे जत्थे में 100 से अधिक कावड़िया शामिल रहे। गुरुवार को दोनों जत्थे पूरनपुर पहुंचे। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आसाम रोड के सिरसा चौराहे पर स्वागत किया। हर हर बम-बम और जय श्री राम के नारों से उनका स्वागत किया गया। एक जत्थे के कांवड़िया कोतवाली रोड पर स्थित बरात घर पहुंचे। वहां जलपान कराया गया और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई। दूसरे जत्थे के ठहरने की व्यवस्था बिजली घर रोड पर एक अस्पताल के भवन में की गई। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कांवड़िए चंदिया हजारा के शिव मंदिर में धूमधाम से जलाभिषेक करेंगे। स्वागत करने वालों में दयाल विश्वास, सुरेंद्र वर्मा, शिवम भदोरिया, हरमीत सिंह, सुनील गुप्ता, सचिन गुप्ता, हर्ष प्रधान, गौरव गुप्ता, अंचल चौहान, गंगेश्वर दीक्षित, धनंजय मिश्रा, हरिश्चंद्र सक्सेना, शिवा पांडे आदि थे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# बुग्गी से टकराई तेज रफ्तार बाइक, बरात में शामिल होकर लौट रहे दो दोस्तों की मौत

## मृतकों में एक युवक बड़ा गांव और दूसरा इटौरिया का रहने वाला था

संवाददाता, बीसलपुर

- दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में गुलड़िया गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बरात में शामिल होने के बाद बीसलपुर से घर लौट रहे दो दोस्तों की बाइक आगे चल रही एक बग्गी से टकरा गई। इसमें गंभीर चोटें आने से दोनों की मौत हो गई। इस हादसे का पता लगने पर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी सुनील (20) पुत्र छेदालाल बुधवार रात बीसलपुर एक बरात में शामिल होने गए थे। सुनील के साथ उसका दोस्त गजरौला क्षेत्र के ग्राम इटौरिया निवासी धर्मवीर (30) पुत्र मैकूलाल भी गया था। वहां दावत खाने के बाद रात में करीब 12 बजे दोनों एक ही बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में गुलड़िया गांव के पास उनकी बाइक एक घोड़ा बुग्गी जा टकराई। टक्कर इतनी तेज लगी कि बुग्गी पलट गई। बाइक सवार सुनील व धर्मवीर बुरी तरह घायल हो गए, जिससे कुछ देर बाद ही दोनों ने मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

इसकी सूचना मिलने पर कुछ ही देर में कोतवाली दियोरियाकलां पुलिस और परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे। हादसे के बाद बुग्गी चालक का पता नहीं चल सका।


हादसे के बाद मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त बुग्गी। • अमृत विचार


मृतक सुनील।


मृतक धर्मवीर।

> सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। दोनों आपस में दोस्त बताए जाते हैं, जो एक ही बाइक पर सवार थे। सूचना मिलने पर रात में ही पुलिस मौके पर गई थी। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**उमेश सिंह सोलंकी**, दियोरियाकलां कोतवाल

### परिजन बोले- हंसी खुशी घर से निकले थे

पुलिस के मुताबिक छानबीन में पता चला है कि बाइक रफ्तार काफी तेज थी। इससे टक्कर इतनी जबरदस्त लगी कि बुग्गी पलटने के साथ उसके परखच्चे उड़ गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। परिजनों का कहना है कि दोनों हंसी खुशी बरात जाने की कहकर घर से निकले थे। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

# चेकिंग में 13 वाहन सीज, सात का चालान

**पीलीभीत, अमृत विचार:** वाहन चेकिंग अभियान में चार ओवरलोड ट्रक समेत 13 वाहनों को सीज कर दिया गया। इसके अलावा सात अन्य वाहनों का चालान किया गया। चेकिंग के दौरान 1.91 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया है।

परिवहन आयुक्त के निर्देश पर गुरुवार को जिले में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न मार्गो से गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। वाहनों पर लदे माल एवं पंजीयन प्रपत्रों पर अंकित भार क्षमता का मिलान किया गया। इसमें चार ट्रक क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाए गए। वहीं दो अन्य वाहन कर बकाया में संचालित होना पाया गया। इन सभी छह वाहनों को सीज कर दिया गया। दो बसें बिना टैक्स एवं फिटनेस समाप्ति के बाद संचालित की जा रही थीं। दो ईको में अवैध रूप से सवारियां ढोयी जा रही थीं। अभियान के दौरान ही अपंजीकृत रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शा सीज कर दिए गए। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 13 वाहनों को सीज किया गया है।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाले को सात साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- आर्म्स एक्ट में भी सुनाई गई सजा 2017 में हुई थी वारदात
- अपर सत्र न्यायाधीश राकेश वशिष्ठ ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** पुलिस टीम पर फायरिंग करने के छह साल पुराने मामले में आरोपी को सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोषी पाया। जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट का दोषी पाते हुए सात साल कैद और 15 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन कथानक के अनुसार 27 अक्टूबर 2017 को एसओ सेहरामऊ उत्तरी रूम सिंह बघेल पुलिस बल के साथ शाम पांच बजे वांछित अपराधियों की तलाश कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि जंगल की तरफ शातिर अपराधी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढक्काचांट निवासी मुकेश धीमर पुत्र मूलचंद अपने साथियों संग छिपा है। उसके पास असलहा हैं और बड़ी वारदात कर सकता है। अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर जंगल मे कांबिंग शुरू की गई। इस पर आरोपी मुकेश धीमर ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। देर शाम करीब सात बजे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से नाजायज रायफल, मिस कारतूस बरामद किया गया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मुकदमे की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राकेश वशिष्ठ ने मुकेश धीमर को पुलिस टीम पर हमला करने व आर्म्स एक्ट का दोषी पाते हुए सात साल कैद, 15 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

## एक नजर

### चौड़ीकरण की जद में आए दुकान-मकान खुद तोड़ लें

**बरखेड़ा।** पीलीभीत -बीसलपुर नेशनल हाईवे पर चौड़ीकरण कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है। हाईवे के दोनों तरफ नाला निर्माण कराया जा रहा है। इससे दोनों तरफ के कई मकानों व दुकानों का कुछ हाईवे की जद में आ गया है, जिन्हें ध्वस्त कराया जा रहा है। अभी कुछ मकानों का आगे का हिस्सा तोड़ा जाना बाकी है। गुरुवार को कार्यदायी संस्था मॉर्थ संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमन कुमार त्रिगुन एसडीएम महिपाल सिंह, इंजीनियर सिद्धार्थ सिंह, नईम खान के साथ मौके पर गए। उन्होंने लोगों से कहा कि मकानों के आगे का हिस्सा चिह्नित किया जा चुका और अभी तक तोड़ा नहीं गया है। वे खुद ही इसे तोड़ लें।वरना प्रशासन के स्तर से जेसीबी से ध्वस्त किया जाएगा। फिलहाल लोगों ने इसे लेकर आश्वस्त किया है।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ और मारपीट की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** कोर्ट के आदेश पर थाना पुलिस ने एक महिला की ओर से घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें गांव के ही बलराम, सूरज और मंजू को आरोपी बनाया गया है। दर्ज की गई रिपोर्ट अनुसार वादी महिला के पति आठ अक्टूबर 2023 को धान काटने के लिए खेत पर गए थे। तभी आरोपी मंजू से उनकी कहासुनी हो गई थी। इसी को लेकर दूसरे दिन आरोपी उनके घर में घुस आए और मारपीट की। आरोपी बलराम ने छेड़छाड़ की। पांच साल की बच्ची को भी पीटा। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली से चोरी हुई बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने एक ऑटो लिफ्टर को दबोचा लिया। उसके पास चार माह पूर्व बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक बरामद हुई।

बरखेड़ा इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब छह बजे पुलिस पंडरी खमरिया गांव के पास चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कुछ ही दूरी से एक आरोपी दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संजरपुर निवासी श्यामू उर्फ श्याम को पकड़ लिया। जबकि उसका साथी रामू उर्फ रामचंद्र भाग गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा, चार कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में चला कि बरामद उसके पास मिली बाइक चार माह पूर्व बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- बरखेड़ा पुलिस को चेकिंग के दौरान मिली कामयाबी

# परीक्षा देकर लौट रही हाईस्कूल की छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** बीसलपुर रेलवे स्टेशन से दो सौ मीटर की दूरी पर गुरुवार दोपहर एक छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह हाईस्कूल की परीक्षा देने के बाद पैदल अपने घर जा रही थी।


मृतका मनोरमा।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी किसान महेंद्रपाल की 16 वर्षीय पुत्री मनोरमा हाईस्कूल की छात्रा थी। गुरुवार सुबह वह परीक्षा देने के लिए बीसलपुर स्थित निशा गर्ल्स इंटर कॉलेज में गई थी। पेपर होने के बाद दोपहर को पैदल अपने घर जा रही थी। बीसलपुर रेलवे स्टेशन से करीब दो सौ मीटर पहले पीलीभीत-शाहजहांपुर रेलखंड पर वह रेलवे लाइन पार कर रही थी। तभी वह शाहजहांपुर की तरफ से आयी ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस हादसे के बाद वहां काफी देर तक ट्रेन रुकी रही। इस दौरान काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। इसकी सूचना मिलने पर छात्रा के परिवार वाले भी मौके पर जा पहुंचे। परिजनों का कहना है कि मनोरमा सुबह को घर से हंसी खुशी परीक्षा देने गई थी।


विलाप करते छात्रा के परिवार वाले। • अमृत विचार

- गुरुवार को बीसलपुर स्टेशन के पास हुआ हादसा
- बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम मानपुर की रहने वाली थी छात्रा

> एक छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। इस मामले में किसी पर कोई आरोप नहीं है। पैदल घर जाते वक्त हादसा होने की बात सामने आई है। -**अशोक पाल**, कोतवाल बीसलपुर

# पेट्रोल पंप कर्मचारी ने कमरे में फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आत्महत्या की ठोस वजह सामने नहीं आई, पुलिस गृहक्लेश बता रही

**अमृत विचार :** एक पेट्रोल पंप कर्मचारी ने फंदे से लटक कर जान दे दी। उसका शव पंप मालिक के घर के पीछे बने कमरे में लटका मिला। उसके आत्महत्या करने की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। हालांकि पुलिस गृह क्लेश की बात कह रही है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सड़ा निवासी ब्रजलाल (32) पुत्र भगवानदास पिछले करीब आठ साल से शहर के नकटादाना चौराहा के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। वहीं नजदीक में ही पंप मालिक का मकान है। उसी के पीछे की तरफ बने कमरे में ब्रजलाल पत्नी मीना देवी और छह साल के बेटे दीपांशु के साथ रहता था।

> पंप कर्मचारी का फंदे से लटका शव मिला था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। किसी तरह की कोई तहरीर नहीं दी गई है, न ही कोई आरोप लगाया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। -**नरेश त्यागी**, कोतवाल

बुधवार रात वह आम दिनों की तरह परिवार के साथ सो गया। गुरुवार सुबह जागने पर पत्नी ने देखा तो उसका शव कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटका था। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। इसका पता लगने पर गांव से परिवार के अन्य लोग पहुंच गए। इस बीच सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चौथे दिन भी हाईवे पर लगी रही गन्ना लदे वाहनों की लंबी लाइन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** किसान सहकारी चीनी मिल के बाहर असम हाईवे पर चौथे दिन गुरुवार को भी गन्ना वाहनों की कतार लगी रही। इस बीच सिमरिया-पिपरिया मोड़ के पास गन्ना लेकर जा रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली बस की चपेट में आकर पलट गई। चालक ने कूदकर जान बचाई।

पिछले दिनों बारिश होने से चीनी मिल परिसर में जलभराव हो गया था। मिल प्रबंधन ने गन्ने की किल्लत दूर करने के लिए विशेष इंडेंट जारी किए। इससे बड़ी संख्या में किसान गन्ना लेकर पहुंच रहे हैं। मिल परिसर में जलभराव के कारण हाईवे पर दो-ढाई किलोमीटर तक कतार से ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी हैं। किसानों का आरोप है कि मिल प्रबंधन ने एक साथ क्षमता से अधिक पर्चियां जारी कर दीं। इस कारण भीड़ लग रही है।

गुरुवार को सिमरिया के कपिल वर्मा गन्ना लेकर चीनी मिल जा रहे थे। हाईवे पर पिपरिया मोड़ के पास सुबह सात बजे एक अनियंत्रित बस ने ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गए। चालक कपिल के नीचे कूद जाने से जान बच गई। चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अजय यादव ने बताया कि गन्ना लदे वाहन अब मिल परिसर में खड़े किए जा रहे हैं। परिसर में कीचड़ के कारण वाहनों के फंसने की संभावना है। वाहन फंसने से आवागमन प्रभावित होता। इस कारण जहां परिसर सूखा है, वहां ट्रालियां खड़ी करवाई जा रही हैं।


असम हाईवे पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली। • अमृत विचार

- बस की टक्कर से गन्ना लेकर चीनी मिल जा रही ट्रैक्टर-ट्राली पलटी

# टेंपो चालक की खुदकुशी के मामले में पत्नी पर एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी टेंपो चालक कुलदीप गुप्ता (35) ने दो मार्च की शाम जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने जहर खाने के दौरान का वीडियो बनाकर अपने पिता के मोबाइल पर भेजा था। इस मामले में पिता सियाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुलदीप की शादी बदायूं के डाकघर के पास की रहने वाली शिवी से हुई थी। आरोप है कि दो मार्च को उसने कुलदीप से झगड़ा किया था। इसके बाद वह बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। इससे परेशान होकर कुलदीप ने जहर खाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने बताया कि मृतक की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में मिले साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सचिव ने निकाल ली रकम भुगतान को घूम रहे पूर्व प्रधान

संवाददाता, पूरनपुर

- एडीओ पंचायत बोले- जल्द कराया जाएगा समाधान

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में सचिवों की मनमानी हाबी है। जोगराजपुर के पूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद वर्मा 2.63 लाख रुपये के बिल लेकर घूम रहे हैं। उनका आरोप है कि तत्कालीन सचिव नूरुद्दीन ने पीलीभीत की फर्म के नाम से निकाल लिया है। पूर्व प्रधान अब अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर विकास कार्यों में खर्च की गई धनराशि दिलाने की गुहार लगा रहे हैं।

यह मामला सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जोगराजपुर गांव का है। पूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद वर्मा ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि वर्ष 2020-21 में गांव में पंचायत घर का निर्माण कराया था। इसका 2,63,101 रुपये बकाया रहा। बाद में सचिव का स्थानांतरण हो गया। उनके बाद रूपेश सिंह सचिव बने। उन्होंने बकाया काम कराया। भुगतान के लिए जब कहा तो बताया कि इसका 2.63 लाख रुपये पहले ही निकल चुका है। पूर्व प्रधान का आरोप है कि यह धनराशि तत्कालीन सचिव ने निकाली है। मामला अधिकारियों के संज्ञान में है। बीते दिनों इसको लेकर फैसला हुआ था। तब भी तत्कालीन सचिव ने कहा था कि वह रुपये दे देंगे। पूर्व प्रधान ने पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई और धनराशि दिलाने की मांग की है।

एडीओ पंचायत अजय देवल ने बताया कि दो-तीन दिन में सचिव को बुलाकर इस मामले में बात की जाएगी। आरोप-प्रत्यारोप हैं। अभी इस प्रकरण में कुछ कहना उचित नहीं है। सचिव से बात होने के बाद ही कुछ कहना ठीक होगा।

# गन्ना के खेत से निकलकर हाईवे किनारे पहुंचा बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निगरानी में जुटी सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम

**अमृत विचार:** हरदोई ब्रांच नहर के समीप डेरा जमाए बैठा बाघ गुरुवार को असम हाईवे की ओर चला गया। सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने पगमार्क ट्रेस करने के बाद निगरानी बढ़ा दी है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाघों के बाहर निकलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। कुछ दिन पूर्व मरौरी ब्लाक के गांव पंडरी में एक युवक को निवाला बनाने के बाद बाघ कई दिन तक गांव के आसपास ही मंडराता रहा था। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया गया था। एक दिन पूर्व कलीनगर तहसील क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर की पटरी के समीप स्थित एक पैलेस के नजदीक बाघ देखे जाने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना सामाजिक वानिकी प्रभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची टीम ने पगमार्क ट्रेस करते हुए बाघ होने की पुष्टि करते हुए निगरानी शुरू कर दी थी। बताते हैं कि बाघ पूरे दिन एक गन्ने के खेत में डेरा जमाए रहा। इधर गुरुवार को बाघ गन्ने के खेत से निकलकर असम हाईवे की ओर बढ़ गया। फिलहाल सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम बाघ की लगातार निगरानी कर रही है। निगरानी टीम में शामिल वन दरोगा राम बहादुर ने बताया कि बाघ के पगमार्क ट्रेस करने के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है।

# टेंडर विवाद : बीडीओ के समर्थन में उतरे प्रधान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वरी देवी के निधन के सात महीने बाद ब्लॉक कथित भ्रष्टाचार और सियासी जोर-आजमाइश का अखाड़ा बन गया है। करोड़ों के टेंडर हथियाने को लेकर पिछले एक सप्ताह से आरोप-प्रत्यारोप और विवाद का दौर जारी है। बीडीसी सदस्य पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति अतेंद्रपाल सिंह के समर्थन में उतर आए हैं। अखिल भारतीय प्रधान संगठन खंड विकास अधिकारी की हिमायत में उतरा है। प्रधानों ने अतेंद्र पाल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन और शासन में शिकायत की है।

यह विवाद करीब 4.50 करोड़ के टेंडर से जुड़ा है। बीते शुक्रवार की रात को बीडीओ, अकाउंटेंट को ब्लॉक के अकाउंटेंट नितिन कुमार ने आरोप लगाया था कि अतेंद्रपाल सिंह ने जबरन गाड़ी में बिठाने की कोशिश की। टेंडर के लिए दबाव बनाया। जबकि अतेंद्रपाल का आरोप है माधोटांडा के एक होटल में टेंडर की सौदेबाजी चल रही थी। शुक्रवार की रात को बीडीओ, अकाउंटेंट को लेकर एसडीएम के पास पहुंचे थे। दस्तावेज फाड़ने, कर्मचारी से अभद्रता के आरोप में एफआईआर कराने का मुद्दा रखा गया। बाद में ये टेंडर निरस्त कर दिए गए थे। इधर अतेंद्रपाल सिंह के समर्थन में उतरे बीडीसी ने शासन में बीडीओ की शिकायत की।

गुरुवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष नरेशपाल सिंह चौहान के साथ दर्जनों प्रधान बीडीओ के समर्थन में उतर आए। ब्लॉक में बैठकर ब्लॉक प्रमुख के दावेदार अतेंद्रपाल सिंह के व्यवहार की निंदा की गई। उसके बाद तहसील पहुंचकर नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को डीएम को संबोधित शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाया कि अतेंद्रपाल टेंडर के लिए गलत तरीके से अधिकारी और कर्मचारी पर दबाव बनाते हैं।

सरकारी काम में बाधा डालकर ब्लॉक को बदनाम करने का कृत्य किया है। जबकि बीडीओ ने बीडीसी सदस्य और ग्राम प्रधानों की बैठक बुलाकर उनसे विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे थे। एसडीएम भी इस बैठक में मौजूद रहे। प्रधान संगठन अतेंद्रपाल सिंह के कृत्यों की निंदा करता है। प्रधानों ने पूरे प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।


बीडीओ के समर्थन में नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते प्रधान।

- अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति पर लगाए गंभीर आरोप

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY

For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.

Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**पसगवां।** बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौहनिया आलम निवासी देशराज साइकिल से शाहजहांपुर की ओर से घर आ रहे थे। कालीबाड़ी मंदिर के निकट एक बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार गंभीर घायल हो गया। उसे शाहजहांपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है।

### बिना परमिट काट दिया पीपल का हरा भरा पेड़

**बांकेगंज।** ग्राम एबीपुर में अखिलेश कुमार के घर पर एक पीपल का पेड़ खड़ा था। जिसे उसने ठेकेदार अमीन खान को बेच दिया। उन्होंने बगैर परमिट बनवाए पेड़ को काटना शुरू करवा दिया। किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। फारेस्टर अफजल खां ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर आकर पेड़ की कटी हुई लकड़ी को बरामद किया तथा तत्काल कार्रवाई करते हुए आमीन पर 4/10 का मुकदमा दर्ज किया है।

## हौसले थे फौलादी तो चट्टानी मुसीबतें भी हारीं, अपने कारोबार, किसी ने खेल तो किसी ने शिक्षा आदि में इच्छाशक्ति के बल पर बनाया स्थान

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : नारी ही शक्ति है नर की, नारी ही शोभा है घर की

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** आधी आबादी की विशेषताएं ही उन्हें पुरुषों से कहीं अलग और समाज में महत्वपूर्ण बनाती हैं। वह कोमल हैं, पर कमजोर नहीं। संवेदना की प्रतिमूर्ति हैं, पर इरादे फौलादी हैं। आत्मबल की बात करें तो इतना प्रखर, जिसे हम सोच भी नहीं सकते, जबकि स्वभाव बेहद सजल होता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले के अलग-अलग इलाकों की उन महिलाओं से अमृत विचार ने बात की, जिनके इरादे फौलादी थे।

इसी के बूते उन्होंने चट्टान जैसी मुसीबतों को भी मात दे दी। किसी ने अपने कारोबार में, किसी ने खेल तो किसी ने शिक्षा आदि अलग-अलग सामाजिक परिवेश में इन महिलाओं ने न सिर्फ मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर अपना जीवन सफल बनाया, बल्कि उनका संघर्ष समाज की हर तबके की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।

### मेहनत कर पाया मुकाम, बनीं जिला क्रीड़ा अधिकारी



**लखीमपुर खीरी।** शहर से सटे गांव छाउछ निवासी दिवंगत बाबूराम की बेटी पूनमलता राज ने गरीबी की दिक्कतों को आड़े नहीं आने दिया और पढ़ाई व हॉकी के खेल में न सिर्फ आगे बढ़ीं, बल्कि जिला क्रीड़ा अधिकारी बनकर जिले का नाम रोशन कर दिया। वर्तमान में वह प्रतापगढ़ जिले की जिला क्रीड़ा अधिकारी हैं। पूनमलता ने बताया कि 1990 में पिता का साया सिर से उठ गया। इससे घर की आर्थिक स्थिति लड़खड़ा गई। इसके बावजूद न तो पढ़ाई छोड़ी और न ही अपने जुनून में कमी आने दी। स्कूल में होने वाले खेलों में हिस्सा लेते रहे। पीटीआई शिक्षक साबिर अली खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे। खेल की एबीसीडी सीखने के बाद 1993 में लखनऊ स्थित आवासीय छात्रावास के लिए ट्रायल में प्रतिभाग किया। चयन होने पर छात्रावास में रहकर खेल की बारीकियां सीखीं। इसके बाद पटियाला से डिप्लोमा किया। इसके साथ सब जूनियर, जूनियर, सीनियर हॉकी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। 1998 में दिल्ली में आयोजित नेशनल खेलने के बाद खेल विभाग में चयन हो गया। पहली पोस्टिंग बनारस में और उसके बाद लखनऊ, हरदोई के बाद प्रतापगढ़ में जिला क्रीड़ा अधिकारी के पद की जिम्मेदारी मिली।

### थारू महिलाओं को रोजगार दिला रहीं आरती राना



**पलिया कलां।** तहसील पलिया के थारू जनजाति बहुल ग्राम गोबरौला चंदनचौकी की निवासी आरती राना हस्तशिल्प में महिलाओं को हुनरमंद कर रोजगार दे रही हैं। वह आदिवासी थारू महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। आठ मार्च 2022 को आरती राना को राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में नारी शक्ति पुरस्कार देकर सम्मानित किया था। वहीं 2016 में उन्हें यूपी सरकार की ओर से लक्ष्मीबाई पुरस्कार मिल चुका है। दुधवा टाइगर रिजर्व के निकट के जंगलों, बागों व खेत–खलिहानों में पाए जाने वाले विभिन्न खरफूस एवं घासों आदि से उन्होंने पहले स्वयं आकर्षक डलिया, कैप, बैग, मोबाइल कवर, मैगजीन बैग, पायदान, झूला, बेल्ट, बंदनवार, हाथू पंखा, पारंपरिक थारू ड्रेस, जूते, चप्पल एवं हैंडलूम की बेडशीट आदि बनाना सीखा और इसके बाद उन्होंने वर्ष 1997 में हथकरघा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद 2003 में गांव की एक दर्जन थारू महिलाओं का समूह बनाकर कार्य का आरंभ किया। प्रारंभ में आर्थिक कठिनाइयां भी झेलीं, किंतु बैंक व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ आदि की मदद से उन्होंने समूह बनाए। आज उनके निर्देशन में 500 से अधिक महिलाएं एक जिला एक उत्पाद के तहत जहां काम कर रही हैं, वहीं सैकड़ों आजीविका मिशन से भी जुड़ी हैं। उन्होंने अनेक आदिवासी एवं अन्य महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें भी रोजगार से जोड़ा। हस्तशिल्प के मामले में वह जिले में अपनी विशिष्ट कला और हुनर के चलते पहचानी जाती हैं, साथ ही वे अभीतक लखनऊ, दिल्ली, गोवा आदि अनेक स्थानों पर लगने वाली हस्तशिल्प प्रदर्शनियों में भी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगा चुकी हैं।

### माता-पिता के सपनों को साकार कर रहीं शशिबाला रावड़ा



**गोला गोकर्णनाथ।** स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान की प्रधानाचार्य शशिबाला रावड़ा (64) ने अपने परिवार में बेटे की तरह भूमिका निभाकर चार बहनों की शादी की, किंतु परिवार और विद्यालय की देखभाल के लिए स्वयं अपनी शादी नहीं की है। अविवाहित रहकर उन्होंने सारा जीवन शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में खपा दिया। उनके पिता ने 1985 में विद्यालय की स्थापना की थी। पांच बहनों में सबसे बड़ी शशिबाला रावड़ा बताती हैं कि 1996 में उनके पिता शिवकुमार रावड़ा और उसके बाद मां राजकुमारी के निधन बाद वह विद्यालय के संचालन में लग गईं। अपनी दो बहनों को पढ़ाया लिखाया, उनकी शादी की। वह अब तक 22 हजार बच्चों को शिक्षा दे चुकी हैं। उनके यहां के पढ़े बच्चे आईएएस और आईपीएस में भी चयनित हो चुके हैं। वह कहती हैं कि महापुरुष और क्रांतिकारियों की पुस्तकें पढ़कर अपने जीवन को विषम परिस्थितियों में लड़ने के लिए तैयार कर लेती हैं।

### जरूरतमंद बेटियों का घर बसा रहीं नेहा



**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी नेहा गुप्ता ने घर की जिम्मेदारियां को संभालते हुए पिछले 10 वर्षों से सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित होते हुए ऐसी लड़कियों के लिए काम करना शुरू किया, जिनके माता–पिता नहीं है। नेहा ने ऐसी 26 कन्याओं को ढूंढकर 2022 में समस्या समाधान परिवार के साथ मिलकर विवाह समारोह कराया। इसके अलावा भी जब कभी भी उन्हें ऐसी कोई कन्या नजर में आती है, जिनके माता–पिता नहीं हैं तो उसके विवाह में यथासंभव मदद करने में जुट जाती हैं। भविष्य में भी इन्होंने ऐसी कन्याओं को ढूंढ कर व्यक्तिगत या समारोह में कन्याओं के विवाह करने का बीड़ा ले रखा है।

### महिलाओं का ग्रुप बनाकर दूसरों की मदद कर रहीं निधि



**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी निधि शुक्ला घर की चहारदीवारी की बंदिश को लांघकर दूसरों की मदद करने की ठानी और अपने सपने को साकार करने में लगी हैं। उन्होंने दूसरों की मदद के लिए अपनी सहेलियों को ग्रुप बना लिया। वर्तमान में 50 महिलाओं को ग्रुप बनाकर नारी शक्ति के नाम से तैयार किया। उनका सपना सामाजिक बदलाव और सहायता की है। लॉक डाउन में उन्होंने अपनी सहेलियों के साथ जरूरतमंदों की खूब मदद की। वह कहती हैं कि शुरुआत में महिलाएं सोशल मीडिया के इस्तेमाल और उसके योगदान से वंचित थीं। उन्होंने सभी को सिखाया और जोड़ा। समस्या समाधान परिवार के साथ जुड़कर उन्होंने गरीबों को कपड़े वितरित किए।

## लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को सबक सिखाएंगे दिव्यांग

संवाददाता, बांकेगंज



भारतीय दिव्यांग यूनियन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय दिव्यांग यूनियन की बैठक में सरकार द्वारा उनकी समस्याओं का निदान न कराए जाने से उनमें आक्रोश दिखा, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को सबक सिक्षाने का निर्णय लिया है।

ब्लॉक सभागार बांकेगंज में ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक के मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने दिव्यांगों की समस्याओं को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि आज हमारे दिव्यांग समाज को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, सुलभ शौचालय, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से मरहूम रखा जा रहा है। इस संबंध में कई बार प्रशासन को लिखित रूप से अवगत भी कराया गया किंतु कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही। कहा कि अगर सरकार हम लोगों की तरफ ध्यान नहीं देती है तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर इसका भारी प्रभाव पड़ेगा। दिव्यांग प्रत्याशी को सबक सिखाने का प्रयास करेंगे। बैठक में ओमप्रकाश, राजेश यादव, हबीब, सुरेंद्र कुमार, गुंजन देवी, कामिल खान, यासीन, राजेश मौर्य, राहुल मौर्य आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### युवती प्रेमी के साथ गई

**पसगवां।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती अपने प्रेमी के साथ भाग निकली। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर कस्बा मैगलगंज के स्टेशन रोड निवासी धीरज कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है युवती घर से रुपये और जेवर भी साथ ले गई है।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# एसपी पहुंचे, सुरक्षा को सीसीटीवी कैमरे लगाए

## सीओ के साथ महाशिवरात्रि पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधीनस्थों को दिए निर्देश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के पौराणिक शिव मंदिर पर नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ सुरक्षा का जायजा लेते एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, सीओ अजेंद्र यादव के साथ जायजा लिया और अधीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के कारण श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने नगर के पौराणिक शिव मंदिर पहुंचकर सुरक्षा के हर पहलू का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर हर प्रकार की सुरक्षा रहेगी, जिससे शिव मंदिर आने वाले किसी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो। सादे लिबास में पुलिस का एक विशेष दल तैनात रहेगा। यातायात पुलिस, सीसीटीवी कैमरे से लैस कंट्रोल रूम और शिव मंदिर आने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग रहेगी। गुरुवार शाम से भारी और गन्ने भरे वाहनों का प्रवेश महाशिवरात्रि की रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मार्गों पर बैरीकेडिंग लगाई जाए।

प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की जाए तथा अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए नगरपालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, बडे बाबू अमित श्रीवास्तव, मोहित गिरि, मोहित अवस्थी, अनुराग गुप्ता सहित पुलिस और पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

**गोकर्ण तीर्थ पर किया जाएगा दीपदान : गोला गोकर्णनाथ।** गोकर्ण तीर्थ पर युवाओं के सहयोग से रंगोली सजाकर 251 दीये जलाकर दीपदान किया जएगा। आयोजक सतेंद्र पटेल और सौरभ शुक्ल ने बताया कि गोला आर्ट ग्रुप के बच्चे पौराणिक शिव मंदिर पर रंगोली सजाएंगे। ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से गोकर्ण तीर्थ पर दीपयज्ञ किया जाएगा, जिसकी तैयारियों में पदाधिकारी लगे हुए हैं।

### पौराणिक शिव मंदिर पर की गई भव्य सजावट

**गाला गोकर्णनाथ।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गोकर्ण तीर्थ की तली झाड़ सफाई कराकर स्वच्छ जल भर दिया गया है। पूरे मंदिर और तीर्थ परिसर को फूलों और बिजली की लड़ियों से सजाया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्टवार मंदिर परिसर में लगाने के निर्देश दिए हैं।

### 300 जोड़े 21 वेद शास्त्रियों से कराएंगे रुद्राभिषेक

**गोला गोकर्णनाथ।** महाशिवरात्रि पर मां कात्यायिनी सेवा समिति के प्रबंधक पंडित रामदेव मिश्र शास्त्री, नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, प्रमुख समाजसेवी अतुल अग्रवाल की देखरेख में नीलकंठ मैदान 21 वेद शास्त्री द्वारा 300 जोड़ों को रुद्राभिषेक कराया जाएगा। आठ मार्च को रात नौ बजे से पूजन शुरू होकर नौ मार्च को पांच बजे तक चलेगा।

### आज निकलेगी शिव बरात

**गोला गोकर्णनाथ।** पौराणिक शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि सर्राफा कमेटी के सहयोग से नगर की सड़कों पर भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी, जो नीलकंठ मैदान से चार बजे शूरू होकर नगर की सड़कों पर भ्रमण करते हुये शाम को पौराणिक शिव मंदिर पहुंचेगी। बारात का नगर के कई स्थानों पर स्वागत किया जाएगा।

### ऋषि आश्रम में रुद्राभिषेक शिवार्चन की तैयारियां पूरी

**लखीमपुर खीरी।** महाशिवरात्रि पर पंजाबी कॉलोनी स्थित ऋषि आश्रम में 151 पार्थिव पूजन व रुद्राभिषेक शिवार्चन कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को सुबह 9 :30 से दोपहर 12 :30 तक 151 पार्थिव पूजन व रुद्राभिषेक शिवार्चन कार्यक्रम होगा। रुद्राभिषेक संकल्पी आचार्य राजेश शास्त्री ने बताया कि सभी शिव भक्तों का आह्वान किया है कि वह शिवार्चन पार्थिव रुद्राभिषेक करने के लिए अपने साथ थाली, लोटा, ग्रंथि बंधन के लिए अगौछा या चुनरी साथ में जाएं।

## दुकान में घुसकर युवकों ने महिला दुकानदार को पीटा

● पीड़ित महिला ने आरोपियों पर लगाया तोड़फोड़ का आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद में बाइक सवार दो युवक एक दुकान में घुस गए और दुकान पर बैठी महिला की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि दुकान में तोड़फोड़ की और जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी अंजली शुक्ला ने बताया कि उनकी कॉस्मेटिक की दुकान नौरगांबाद चौराहा, रघुनाथ हास्पिटल के निकट है। वह दुकान से ही अपना व परिवार का भरण पोषण करती हैं। शाम करीब साढ़े चार बजे अनुराग शुक्ला अपने एक साथी के साथ बाइक से आए और दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर दुकान के अंदर जबरन घुस आए। गाली–गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।

दुकान का सामान तोड़फोड़ दिया। पास पड़ोस के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट करते हुए कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाई है। सदर कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर अनुराग शुक्ला को नामजद कर एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## दुग्ध वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा मार्ग पर स्थित गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के सामने दुग्ध डेयरी के चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की शाम करीब 6:30 बजे अलीगढ़ निवासी असलम पलिया और आसपास के गांवों में बाइक से कंबल बिक्री करता था। गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के सामने दुग्ध वाहन यूपी 31एटी, 5949 ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले जाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है।

## संदिग्ध हालात में चौकीदार की मौत

संवाददाता मितौली

● परिवार वालों ने मृतक के साढ़ू पर लगाया वाहन से नीचे फेंकने का आरोप



मृतक मोहित कुमार

**अमृत विचारः** लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग के कस्बा भीखमपुर पिकेट के सामने संदिग्ध हालात में गंभीर रूप से घायल हुए चौकीदार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतक के साढ़ू पर गाड़ी से नीचे फेंकने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव खुड़ेहरा निवासी मोहित कुमार (22) पुत्र चंद्रिका प्रसाद भार्गव मितौली थाने में चौकीदार पद पर कार्यरत था। वह अपने साढ़ू व उसके छोटे भाई के साथ थाना फरधान क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर से शाहजहांपुर बरात में जा रहा था। मितौली क्षेत्र के लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग के कस्बा भीखमपुर पिकेट के सामने उसकी संदिग्ध हालत में किसी वाहन से कुचलकर मौत हो गई। पिकेट पर तैनात मितौली पुलिस ने हालत गंभीर होने पर उसे एंबुलेंस से सीएचसी गोला गोकर्णनाथ भेज दिया और खबर परिवार वालों को दी। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने साढ़ू पर चलती कार से फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## करंट से झुलसे मजदूर की अस्पताल में मौत

संवाददाता, मैलानी



मृतक अर्जित कुमार।



गंगापुर में रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना मैलानी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुआबोझ के गंगापुर गांव में करंट लगने से 30 वर्षीय मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई।

गुरुवाार को गंगापुर निवासी अर्जित कुमार (30) अपने मालिक के कहने पर रोड के किनारे लगे पेड़ की छंटाई करने लगा। डाल काटते समय पास से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वह झुलस गया। जिसे आनन-फानन में परिजन गोला सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पत्नी सोनम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही रहने वाले डॉ. रामचंद्र उसके पति अर्जित कुमार को खेत पर काम करवाने के लिए घर से बुलाकर ले गए थे। खेत पर लगी पेड़ की डाली कटवाने लगे, जिससे वह लाइन की चपेट में आकर गिर गए। गांव वालों से उसके पति को करंट लगने और गोला इलाज के लिए जाने की जानकारी हुई। अर्जित की असामायिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अर्जित कुमार मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते थे। वह अपने पीछे तीन बच्चे पुत्र पवनेस (10), पुत्री निधि (7) नंदिनी (3) को छोड़ गए हैं। जिनके सामने अब रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

मैलानी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गंगापुर गांव निवासी मजदूर अर्जित कुमार (30) की गोला सीएचसी में मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात नियमों की हो रही अनदेखी, रोज हो रहे हादसे

## प्रतिबंध लगाने के बाद भी तीर्थ यात्रा या पारिवारिक आयोजनों में ट्रैक्टर-ट्राली से सफर कर रहे लोग

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/औरंगाबाद**

**अमृत विचारः** सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वजह है, यातायात नियमों की जमकर अनदेखी की जा रही है। न तो वाहन चालक जागरूक हो रहे हैं और न ही यातायात नियमों को पालन कराने वाले अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हादसों की रोकथाम के लिए शासन ने ट्रैक्टर-ट्रालियों में लोगों को भरकर दौड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन इसके बाद भी मनमाने तरीके से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अब भी जान जोखिम में डाल कर सफर कर रहे हैं।

- **सवारियों की जगह ई-रिक्शा को लोगों ने बना दिया माल बाहक वाहन**

इतना ही नहीं ई-रिक्शा को लोगों ने माल बाहक वाहन बना दिया है, जिसमें सवारियों की जगह लोग ओवरहाइट माल जैसे लोहे के पाइप, सरिया अन्य भारी माल लादकर मेन हाईवे पर फर्राटा भर रहे हैं, लेकिन इस पर रोक नहीं लग पा रही है।


भार लादकर हादसे को न्योता देता ई-रिक्शा।


औरंगाबाद में सवारियां भरकर जाते ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

### इन स्थानों पर होती हैं अधिक दुर्घटना

निघासन रोड पर उल्ल नदी के पास, रामापुर, खंभारखेड़ा-फूलबेहड़ मोड़ के पास, लालपुर बैरियर, केशवापुर, मुड़िया के पास, जलालपुर मोड़, शिवाला, चहमलपुर, संसारपुर, धिरावां मोड़, दिलावरपुर मोड़ आदि।

### हेलमेट और सीट बेल्ट का करें उपयोग

टीएसआई मनीष पाठक ने बताया कि हादसों में मौतों का बढ़ रहा ग्राफ वाकई चिंता जनक है, लेकिन चालक जब स्वयं जागरुक होगा और नियमों का पालन करेंगे तभी हादसों के साथ ही होने वाली मौतों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि अब तक जो मौतें हुईं। सभी हेडइंजरी के कारण हुई हैं। हेलमेट और सीट बेल्ट सुरक्षा कवच होचा है, लेकिन लोग इसके इस्तेमाल करने में रुचि नहीं लेते हैं। जबकि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट सुरक्षा कवच होता है। अगर लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें तो मौत के आंकड़ों में में कमी आएगी।

# गजेंद्र मोक्ष का पाठ जीवन के कष्टों को करता है दूर

**पसगवां, अमृत विचार :** कथा व्यास पंडित पवन देव महराज ने कहा कि भगवान और भगवान के भक्त के पैर पकड़ने से जीव का उद्धार हो जाता है।

वह चतुर्थ रुद्र महायज्ञ में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने श्रद्धालुओं की भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा को सुनाया। गजग्राह की कथा सुनाते हुए कहा कि गजेंद्र मोक्ष का पाठ करने से जीव के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। भगवान वामन, भगवान भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप की कथा सुनाते हुए कहा कि पिता हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को विभिन्न प्रकार से परेशान किया, लेकिन प्रहलाद के भगवान को नहीं छोड़ा, जिससे उसका और उसके राक्षस पिता का कल्याण हुआ, शास्त्रों में गाय का बहुत महत्व है। गाय के मूत्र में मां गंगा का वास है। गोबर में लक्ष्मी का वास है, इसलिए गाय का सम्मान करना चाहिए। भागवत कथा में मुख्य यजमान विनय कुमार शुक्ला, यज्ञ के मख्य यजमान उत्कर्ष शुक्ला सपत्नीक सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सड़क हादसेः चार दिन में 13 लोगों की मौत, जिम्मेदार कौन

- **मोहम्मदी में एक ही परिवार के तीन लोगों की हादसे में गई जान**
- **हेलमेट न होने और सीट बेल्ट न लगाने से हो रहीं सर्वाधिक मौतें**

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** यातायात नियमों का पालन न करने और उन्हें नजर अंदाज कर वाहन चलाने के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं। प्रशासन हादसों से सबक लेने के बजाय हादसों में कमी होने का दावा भले कर रहा हो, लेकिन चार दिन में सड़क हादसों में हुई 13 लोगों की मौत ने इन दावों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिले में औसतन तीन से चार लोगों की मौत प्रतिदिन हो रही है। इसके बावजूद प्रशासन के साथ चालक भी सबक नहीं ले रहे हैं। यातायात पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग साल भर में 10 महीने कहीं यातायात सप्ताह, माह तो कहीं यातायात पखवाड़ा मनाता है। गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। स्कूलों में कॉलेजों में भी कार्यक्रम होते हैं।

इन गोष्ठियों और कार्यक्रमों के जरिए लोगों यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन इतना सबकुछ होने के बाद भी जिले में चालक नियमों का पालन नहीं करते। पुलिस भी यातायात नियमों का पालन न करने वाले लोगों के वाहनों का चालान कर जिम्मेदारी पूरी कर लेती है।

> नियमों की अनदेखी, शराब पीकर वाहन चलाते और क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार कारवाई जारी है। दो दिनों के भीतर हाईवे पर चलने वाले 23 ई-रिक्शा चालकों का भी चालान किया गया है।
> **-नैपाल सिंह**, एएसपी

जिले में सोमवार से लेकर अब तक सात हादसे हुए हैं। सात हादसों में 13 लोगों की जान जा चुकी है। सोमवार को मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में दिलावरपुर मोड़ के पास अनुबंधित बस और ई-रिक्शा की टक्कर में दो बच्चों और तीन महिलाओं की मौत हो गई। इनमें एक मां और उसकी एक बेटी और एक बेटा भी शामिल हैं। पांच मौतों के बाद भी जिला प्रशासन सतर्क नहीं हुआ और नियमों के विपरीत चल रहे वाहनों के प्रति कोई कार्रवाई नहीं हुई। दूसरा हादसा मंगलवार शाम थाना नीमगांव क्षेत्र में हुआ।

उमरपुर क्रेसर के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार गांव भदूरी निवासी रामस्वरूप और धूमरा निवासी उनके दामाद की मौत हो गई। हादसों का सिलसिला यहीं नहीं रुका। छह मार्च को थाना नीमगांव क्षेत्र में ही लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर ओवरटेक के चक्कर में टैंकर, डीसीएम और इनोवा आपस में टकरा गए। हादसे में कार सवार 15 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई, जबकि इनोवा चालक, डीसीएम के चालक और हेल्पर की हालत गंभीर है।

तीनों को लखनऊ में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा हैदराबाद, निघासन क्षेत्र में हुए हादसे में हुई मौतों को मिलाकर अब 13 लोगों की जान चली गई, लेकिन जिम्मेदारों ने इन हादसों पर अंकुश लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए हैं। हाईवों पर प्रतिबंध के बाद भी ई-रिक्शा क्षमता से अधिक सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे हैं।

# नीलगाय की हत्या कर मांस ले गए गोकश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी क्षेत्र के गांव देवरिया में कुछ लोगों ने एक नीलगाय की हत्या कर दी और उसका मांस लेकर भाग निकले। पुलिस ने प्रधान पति की तहरीर पर छह अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना खीरी के गांव देवरिया निवासी जुबराई उर्फ गुड्डू ने बताया कि वह ग्राम पंचायत अंबरस्रोत के प्रधानपति हैं। बुधवार की शाम करीब सात बजे गांव मोहद्दीपुर के एक लड़के ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे वह अपना खेत देखने गया था, जहां पर 5-6 व्यक्ति नील गाय व उसके बच्चे को दौड़ रहे थे। बाद में दोनों को पकड़ लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर काट दिया। मांस को अपने साथ उठा ले आए। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को इसके बारे में एक लड़के ने बताया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। वह मौके पर गए तो देखा कि प्रमोद वर्मा निवासी मोहद्दीपुर के खेत में नीलगाय की खाल पड़ी थी। काफी दूर तक खून फैला था। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि प्रधानपति की तहरीर पर अज्ञात पांच-छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

## अभिभावकों को किया जागरूक, बच्चों को भेजें स्कूल

**लखीमपुर खीरी।** प्राथमिक विद्यालय महाराज नगर में गुरुवार को जागरूकता गोष्ठी हुई। इसका उद्घाटन नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती का पूजन कर किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजक पूनम तोमर ने कहा कि कार्यक्रम की उपयोगिता एवं लक्ष्य के बारे में जानकारी देते हुए अभिभावक को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)


# चौधीपुर गांव से कुछ दूर रात भर दहाड़ता रहा बाघ

**संवाददाता, बांकेगंज**

**अमृत विचारः** मैलानी वन रेंज की जटपुरा बीट के अंतर्गत ग्राम चौधीपुर के निकट तीन माह से डेरा डाले हुए बाघ रात भर दहाड़ता रहा, जिससे लोग भयभीत हैं।

चौधीपुर गांव के किनारे रह रहे छोटेलाल के कुत्ते पर बाघ झपटा तो कुत्ता चिल्लाते हुए गांव के अंदर भागा। तभी छोटेलाल की नजर घर के बाहर खड़े बाघ पर पड़ी। उसने शोर मचाना शुरू किया। ग्रामीण एकत्र होकर छोटेलाल के घर की तरफ दौडे.। तब तक बाघ वहां से निकल चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि बुधवार पूरी रात गांव से कुछ दूर बाघ दहाड़ता रहा। ग्राम चौधीपुर के पास लगभग तीन माह से लगातार बाघ नजर आ रहा है। ग्रामीणों का खेतों की तरफ निकलना भी दूभर हो गया है। ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया कि सुबह-शाम बाघ गांव के आसपास ही रहता है। वह गांव के एक दर्जन से अधिक कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा होने की आशंका है। ओम प्रकाश ने बताया कि वन विभाग को इसकी सूचना दी गई तो दो वाचर आये, जिन्होंने बाघ के पगमार्क की पुष्टि की। विभाग का कोई आला अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं।

# चोरी हुआ सामान बरामद, एक गिरफ्तार

**मैगलगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने एक दिन पहले औरंगाबाद चौराहे पर स्थित दुकान से हुई चोरी मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी हुआ सामान भी बरामद होने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि पांच मार्च की रात औरंगाबाद रामलला चौराहे पर स्थित इंद्रजीत गुप्ता की पान-पुड़िया की दुकान का चोरों ने ताला तोड़ दिया था और हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में औरंगाबाद के मोहल्ला भाटागंज निवासी राम सिंह यादव को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, बिस्किट आदि सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेज दिया।

# मदरसों को लेकर फिर खुली फाइल 245 अवैध मदरसों की होगी जांच

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **सिर्फ धार्मिक तालीम या अन्य विषयों की भी हो रही पढ़ाई की होगी पड़ताल**

**अमृत विचारः** प्रदेश में अवैध मदरसों को बंद करने की एसआईटी ने सिफारिश की तो जिले में मदरसों की जांच वाली फाइल फिर खुल गई है। पूर्व में मिले 245 मदरसों के अवैध संचालन की एक बार फिर जांच होगी, जिसमें यह तय किया जाएगा कि इनमें सिर्फ धार्मिक तालीम दी जा रही है या अन्य विषयों की भी पढ़ाई कराई जा रही है। बिना मान्यता चल रहे मदरसों में अधिकांशतः नेपाल बार्डर पर स्थित गांवों में चल रहे हैं।

जिले में दिन पर दिन मदरसों की संख्या बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि इन अवैध मदरसों की संख्या मान्यता प्राप्त के करीब पहुंच गई है। मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या जिले में 256 है, जबकि बिना मान्यता अवैध रूप से 245 मदरसे संचालित हैं। शासन के निर्देश पर जिले में अक्तूबर-2022 में तत्कालीन प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वीरपाल सहित तीन सदस्यीय टीम ने मदरसों की जांच की थी। इसमें तहसील के एसडीएम और खंड शिक्षा अधिकारी शामिल थे। उस दौरान जांच के समय जिले में अवैध रूप से 200 मदरसे चलते मिले थे। जांच में तमाम गड़बड़ियों का भी खुलासा हुआ था। तत्कालीन प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने डीएम के माध्यम से जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी। अब अवैध रूप से चल रहे मदरसों में शिक्षा के बारे में पता लगाया जाएगा, जिससे जानकारी लग सके कि इनमें धार्मिक शिक्षा दी जा रही है या फिर इसके साथ अन्य विषय भी पढ़ाए जा रहे हैं।

> 2022 में मदरसों की जांच हुई थी। इसमें जिले भर में 245 मदरसे अवैध रूप से चलते पाए गए थे। नेपाल बार्डर की तहसील पलिया व निघासन में 60 मदरसे चल रहे हैं। इस संबंध में शासन की ओर से जो निर्देश मिलेगा उसका पालन होगा।
> **-रोहित कुमार सिंह**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

### इन बिंदुओं पर किया था सर्वे

1- मदरसे का नाम
2- संचालन करने वाली समिति का नाम
3- स्थापना वर्ष
4- मदरसा निजी भवन में संचालित है या किराये के भवन में
5- भवन छात्र छात्राओं के लिए उपयुक्त है कि नहीं
6- छात्र छात्राओं की कुल संख्या
7- शिक्षकों की कुल संख्या
8- लागू पाठ्यक्रम
9- आय के स्रोत
10- मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों का अन्य दूसरी जगह पंजीकरण की स्थिति

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बजट को लेकर हुई चर्चा


नगर पालिका बोर्ड की बैठक में मौजूद नगर पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता, ईओ व सभासद।

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचारः** नगर पालिका पलिया के सभागार में बोर्ड की बैठक नगर पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई, जिसमें नगर की प्रमुख समस्याओं और बजट पर चर्चा की गई।

कुछ सभासदों ने त्योहारों के मद्देनजर अधिशासी अधिकारी से सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने व छुट्टा पशुओं आदि की समस्या का समाधान किए जाने की भी मांग रखी। बैठक का संचालन अधिशाषी अधिकारी डॉ. नितिन गंगवार ने किया। बैठक में सभासद पवित्र प्रकाश गुप्ता, डॉ. रविंद्र सिंह, राजीव शुक्ला, आशुतोष शुक्ला अंशु, रजिया बेगम, अलीसुन, रुकसाना, सावित्री देवी आदि सहित वरिष्ठ पालिका कर्मी मेलाराम, विजेंद्र कुमार, अंकुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या जा रहे भक्तों का किया स्वागत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** दिल्ली से मानस कल्याण समिति के तत्वावधान में राम दरबार लेकर अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं का कस्बावासियों ने स्वागत किया गया और रौली चंदन लगाया। दिल्ली की जन मानस कल्याण समित के तमाम लोग पैदल राम दरबार को खींचते हुए गुरुवार को निकले। जिनका स्वागत कस्बा के व्यापारी संतोष गुप्ता आदि ने रोली चंदन लगा कर किया। उसके बाद प्रभू श्रीराम दरबार में प्रभु श्रीराम का भोग लगाया गया। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। टीम का नेतृत्व कर रहें कैलाश ज्योती, रामकृपाल सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे। सभी बारी-बारी से रथ को खींचते हुए ले जा रहे थे। मानस कल्याण समिति का नेतृत्व कर रहे रामकृपाल ने बताया कि वह प्रभु के दर्शन को अयोध्या जा रहे हैं।


CHILD CARE BISHOP CONRAD SCHOOL
NEAR GOLDEN GREEN PARK HARUNAGLA, BAREILLY
ENGLISH MEDIUM SCHOOL (CBSE PATTERN)
Email Id-childcarebcs@gmail.com
Contact No.- 7505791369, 0581-3505320
Invites application for the following posts:
TGT: (Mathematics & Science), (Social Science & English)
PRT- All Subjects
LAB ASST.- Having Knowledge of Plumbing & Electric work
B.Ed. and CTET a must, Minimum 2 years of teaching experience
Interested candidates with necessary qualifications are invited to submit their resumes to the school office before 10th March 2024. Only shortlisted candidates will be contacted for interview.
PRINCIPAL



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र तीन पुत्रियां हैं जिसमें से मेरा एक पुत्र मो. आकिब एवं पुत्री मुस्कान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शरीफ अहमद पुत्र अब्दुल शकुर निवासी ग्राम बादशाह नगर, थाना सी.बी. गंज, बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र राहुल के हाईस्कूल अनुक्रमांक 0831414 वर्ष 2019 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 215706877 वर्ष 2021 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **जसवीर सिंह निवासी ग्राम पडौलिया जिला बदायूँ।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1033363 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0780152 के अंकपत्र कहीं खो गये हैं तो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **सूरज कुमार पुत्र विनोद कुमार नि.ग्राम पीतमपुर पो. प्रसादपुर थाना खुटार तह. पुवायां जिला शाहजहाँपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम रूद्रिका पुत्री कर्नल कृष्ण यादव, हाल निवासी टी4, पीबी मार्ग बरेली कैन्ट से बदलकर कृषिता रख दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जायेगा।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

# डग्गामार वाहनों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई, हड़कंप

## अधिकारियों ने 48 घंटे का समय देते हुए दुकानदारों से सामान हटाने को कहा


हाईवे पर डग्गामार वाहनों की चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार


हाईवे पर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, मोहम्मदी

● दिलावरपुर हादसे के बाद जागा पुलिस प्रशासन

**अमृत विचार:** दिलावरपुर में भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत होने के बाद पुलिस और प्रशासन जागा है।

गुरुवार को पुलिस ने हाईवे पर दौड़ रहे डग्गामार वाहनों, ई-रिक्शा आदि के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। साथ ही हाईवे पर अतिक्रमण करने वालों को भी बड़े सख्त लहजे में अतिक्रमण स्वतः हटा लेने की चेतावनी दी है। इससे वाहन चालकों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा।

गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद चंद्रशेखर सिंह, कस्बा इंचार्ज बाबूराम और भारी पुलिस बल के साथ मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे 730 पर बरवर, पुवायां, गोला और शाहजहांपुर की ओर चलने वाले ई-रिक्शा और मुख्य मार्ग पर दुकान के बाहर समान लगाकर अतिक्रमण करने पर अभियान चलाकर चालान काटे। वहीं ई-रिक्शा के नाबालिग चालकों को मजबूरी बस कार्य करने की जानकारी होने पर उन्हें हिदायत देकर छोड़ा गया। दुकानदारों के चालान काटने पर सिफारिशों का दौर शुरू हो गया। अधिकारियों ने 48 घंटे का समय देते हुए अतिक्रमण करने वालों से सामान हटाने को कहा है। सड़क को अतिक्रमण मुक्त न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

## प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** युवराजदत्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन ग्रामीणों को दुर्घटना के साथ आपातकाल स्थिति में संकट का सामना करने के साथ प्राथमिक उपचार करने आदि के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल एवं रेडक्रॉस समन्वयक आरती श्रीवास्तव व एनएसएस प्रभारी डॉ. सुभाष चन्द्रा और प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य शहनाज बेगम ने दीप जलाकर किया। रेडक्रॉस की आरती श्रीवास्तव, बबिता व सुनीता ने एनएसएस वॉलंटियर एवं उच्च प्राद्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में आत्मरक्षा, संकट का सामना करने आदि की जानकारी दी। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर रिले, एआरवे, ब्रीथिंग, चिकित्सा परिदृश्य कैरी रिले का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने कहा कि इस तरह से छात्रों में लोगों की मदद करने की भावना बढ़ती है।बच्चों को फर्स्ट एड सामग्री भी वतिरित की गई। डॉ. विशाल द्विवेदी, सहायक अध्यापिका रीता, रूबी, सुधा आदि मौजूद रहे।

## डॉ. गणेश को पुनः अधीक्षक बनाने की उठाई मांग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** गुरुवार को सीएचसी का तमाम स्टाफ विधायक अमन गिरि के आवास पर पहुंचा, जहां उन्हें ज्ञापन सौंपकर सीएचसी अधीक्षक रहे डॉ. गणेश को फिर से सीएचसी में तैनात कराने की मांग उठाई। कर्मचारियों को कहना है कि कई वर्षों से डॉ. गणेश कुमार का कार्य सीएचसी के हक में और स्टाफ एवं मरीजों के प्रति अच्छा रहा है। ज्ञापन में लिखा गया है कि डॉ गणेश कुमार की फ़ोटो बियर की केन के साथ खींचकर वायरल की गई है। उसके संबंध में जांच कराकर कठोर कार्यवाही की जाए और डॉ गणेश कुमार को पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में वापस लाने के लिए संबंधित अधिकारी से वार्ता करें। ज्ञापन सौंपते समय सीएचसी की कार्यवाहक अधीक्षक डॉ यामिनी बादल, डॉ मनु वर्मा, उपासना देवी, आशा संगिनी रानी देवी, माधुरी वर्मा, आशा देवी, रंजना यादव, अभिषेक वर्मा सहित स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# प्रेमी के साथ भागी किशोरी बीच रास्ते से लौटी बरात

संवाददाता, बेहजम

● घर से 50 हजार की नगदी और जेवर भी ले गई साथ
● मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव में छह मार्च को बरात आनी थी, लेकिन उससे पहले ही लड़की अपने प्रेमी के साथ चली गई। उधर, वर पक्ष के लोगों को इसकी जानकारी तब लगी, जब वह बरात लेकर गांव पहुंच रहे थे। जानकारी लगते ही रास्ते से बरात लौट गई। उधर, लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

परिजनों ने किशोरी का रिश्ता सीतापुर जिले में तय किया था। पांच मार्च को तिलक था और छह मार्च को बारात आनी थी। शादी की तैयारियां अंतिम चरण में थी। शाम करीब सात बजे परिवार के लोग तिलक चढ़ाने सीतापुर गए थे। इसी बीच मौका पाकर किशोरी को गांव का ही सत्यम, प्रमोद, शंकर और सतीश निवासी रसूलपुर थाना मितौली बहला-फुसलाकर ले गए। सुबह जब किशोरी घर पर नहीं मिली तो परिवार वालों के होश उड़ गए। परिजनों ने घर और आसपास किशोरी की खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। आशंका होने पर जब घर में देखा तो शादी के लिए खरीदकर रखा गया जेवर और 50 हजार रुपये गायब थे। यह देख परिवार वालों के होश उड़ गए। परिजन थाना नीमगांव पहुंचे और घटना बताते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर वह सीओ से मिले और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। सीओ के आदेश पर नीमगांव पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

> किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> -श्रद्धा सिंह, एसओ- नीमगांव

## सार-संक्षेप

### ऊषा देवी चिल्ड्रन एकेडमी में शिक्षण का आरंभ



**बरवर।** ऊषा देवी कृष्ण मुरारी पटेल चिल्ड्रन एकेडमी भानपुर में इंग्लिश मीडियम स्कूल का आरंभ बतौर मुख्य अतिथि सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा ने फीता काटकर किया। पेरेंटिंग सेमिनार मुकेश राठौर ने बताया कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए क्या करना है। महिला सेल्फ डिफेंस का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर वर्मा, दिलीप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी आशीष रस्तोगी, सुरेश चंद्र वर्मा, प्रवीण पटेल, धर्मेश शर्मा, उपकारशील वर्मा, रविन्द्र वर्मा, विद्यालय अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पटेल, प्रबंधक सुरजीत वर्मा , प्रधानाचार्य पपिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कुत्ता व सर्पदंश के इलाज को लेकर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय रैबीज एवं सर्पदशं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीएमओ कार्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई, जिसका समापन गुरुवार को हुआ। इसका उद्देश्य कुत्ता एवं सर्प काटने से होने वाली मौतों को कम करने के साथ इलाज आदि के बारे में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर एवं जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. रोहित पाठक ने कहा हर साल सैकड़ों लोग कुत्ता एवं सर्प काटने का शिकार बनते हैं। इससे कई लोगों की मौत तक हो जाती है। इसलिए कुत्ता एवं सांप काटने पर झाड़फूंक आदि के चक्कर में न पड़कर अस्पताल आकर इलाज कराएं। सरकारी अस्पतालों में इलाज आदि की सुविधा उपलब्ध होने के साथ नि :शुल्क है। डॉ. रोहित पाठक ने सीएचसी के स्टाफ से रैबिज के बारे में कहा कि जानवर के काटने पर हुए जख्म को समुचित रूप से नल का पानी व साबुन से 15 मिनट तक धुले और फिर अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर को दिखाकर इलाज कराएं। डॉ. पूनम सिंह ने बताया कि जिले में पाए जाने वाले कोबरा, कुवैत एवं वाइपर सांप ज्यादा विषैले होते हैं। मगर, अस्पताल में मौजूद एंटी स्नैक वैक्सीन इनका जहर कम करने में कारगर है। कुत्ता एवं सांप के काटने पर होने वाली मौतों को दैवीय आपदा में शामिल किया गया है। इसलिए मौत होने पर पोस्टमार्टम अवश्य कराएं, जिससे शासन की ओर से मिलने वाली चार लाख रुपये की आर्थिक मदद मिल सके। कार्यशाला में कार्यक्रम के नोडल डॉ. लालजी पासी सहित सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

### डीएम ने किया 51 महिला कार्मिकों का सम्मान



**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुरुवार को 51 महिला कार्मिकों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ें। यह पूरी सदी महिलाओं की सफलता की गवाह है। महिलाओं को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्यों से अपने अपने क्षेत्र में अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम का डीएम ने दीप जलाकर आरंभ किया। कार्यक्रम में जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा सहित जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एकता श्रीवास्तव, ग्राम सचिव अनामिका तिवारी, शालिनी शर्मा, राधिका सिंह, रामपति वर्मा, प्रभारी महिला थाना सुनीता कुशवाहा, महिला आरक्षी सुमन गौड, डीएसओ ऑफिस से लक्ष्मी गुप्ता, इन्दू कुमारी, एथलेटिक्स खिलाड़ी मोहिनी कश्यप, प्रतिष्ठा यादव, अम्बिका, प्रिया जायसवाल सहित जिले की बाल विकास परियोजना कार्यालय शहर, फूलबेहड़ एवं नकहा के तहत 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका पलिया अध्यक्ष केबी गुप्ता, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद, कीर्ति महेश्वरी, जिला मंत्री (भाजपा) उमेश शुक्ला, जिला संयोजक (शिक्षा संस्थान प्रकोष्ठ, भाजपा) कमलेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गृह वाटिका और सिखाया खरपतवार नियंत्रण करना

**गोला गोकर्णनाथ।** कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद कैम्पस में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्नातक कृषि के 50 विद्यार्थियों को कैम्पस में गृह वाटिका तैयार करना और खरपतवार नियंत्रण करना बताकर प्रैक्टिकल कराया गया। चार मार्च से शुरू होकर 10 मार्च तक चलने वाले एनएसएस शिविर में रोज विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सिखाई और कराई जाएंगी। शिविर में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. लोकेन्द्र सिंह और डॉ. सतेंद्र सिंह का मार्गदर्शन मिल रहा है।

## सीएचसी की कार्यवाहक अधीक्षक बनीं डॉ. यामिनी बादल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को सीएमओ आफिस से अटैच किए जाने के बाद डॉ. यामिनी बादल को कार्यवाहक अधीक्षक बनाया गया है। सीएचसी अधीक्षक रहे डॉ. गणेश कुमार का एक फोटो दो दिन पहले वायरल हुआ था, जिसमें वह बीयर की केन हाथ में पकड़े थे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मामले को संज्ञान लेकर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सीएमओ डॉ. गुप्ता ने डॉ. गणेश को सीएमओ कार्यालय से संबंध किया है। उनकी जगह पर सीएचसी की महिला चिकित्साधिकारी डॉ. यामिनी बादल को कार्यवाहक अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है।

# आभा आईडीः जांच हो या फिर मर्ज, सब रहेगा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


जिला महिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

● जिले में 47,71,299 लोगों की बननी है आभा आईडी, प्रक्रिया में धौरहरा नंबर वन

- चार मार्च तक बनी आईडी- 135911
- गत एक माह में बनाई गई आभा आईडी- 42789

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों की आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनेगी। अब तक तीन फीसदी लोगों की ही आईडी बनी है। मरीजों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने के मामले में धौरहरा सीएचसी नंबर वन पर है तो वहीं लखीमपुर अर्बन सबसे फिसड्डी है।

अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए शासन की ओर से इनकी आईडी तैयार की जा रही है। इसमें इलाज के लिए आए मरीजों का रिकार्ड सुरक्षित रहेगा। मरीज के पर्चा व जांच रिपोर्ट न लाने की स्थित में डॉक्टर आईडी के माध्यम जांच व उपचार के बारे में जानकारी कर दवाएं लिख सकें। वहीं यदि मरीज किसी दूसरे अस्पताल में इलाज करवाता है तो डिजिटाइज रिकार्ड रहने से चिकित्सकों को मरीज के रोग और इलाज चलने के बारे में आसानी रहेगी। डॉक्टर ओपीडी में कंप्यूटर पर मरीज का पिछला सारा रिकार्ड पताकर दवाएं दे सकें। जिले में 47,71,299 के सापेक्ष अब तक तीन प्रतिशत लोगों की ही आभा आईडी बन सकी।

### इसलिए है जरूरी

अस्पताल में दवा लेने आए मरीजों की जांच कराकर डॉक्टर पांच दिन की दवाएं खाने के लिए लिख देते हैं। इसके बाद मरीज फिर से दवा लेने जब अस्पताल पहुंचते हैं। मगर, पुराना पर्चा साथ लेकर न आने से डॉक्टरों को शुरूआत में कराई जांच और लिखी गई दवाओं के बारे में जानकारी नहीं हो पाती। मरीज के पास पुराना रिकार्ड न होने पर डॉक्टर फिर से मरीज का शुरूआत से इलाज करना शुरू कर देते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि मरीज यदि पुराना पर्चा साथ लेकर आएं तो इलाज करने में सुविधा मिलती है। पुराने पर्चे से यह पता लग जाता है कि मरीज को क्या दवा दी थी, जिससे जरूरत पड़ने पर दवाएं बदली जा सकी।

> आभा आईडी बनाने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देशित किया जा चुका है। समय समय पर इसकी समीक्षा भी की जाती है। जिन सीएचसी की प्रगित धीमी हैं उनके अधीक्षकों से जवाब तलब होगा।
>
> -डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ।

## आज निकलेगी शोभा यात्रा

**पलिया कलां।** महाशिवरात्रि पर नगर के प्रमुख पांडेय बाबा स्थान पर बने श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग का नगर के युवाओं की संस्था भोले की फौज क्षेत्र की प्रमुख शारदा नदी से पवित्र जल लाकर जलाभिषेक करेगी। इसके अतिरिक्त नगर में गाजे- बाजे के साथ भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली जाएगी। उधर नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्रीकुल आश्रम में बनाए गए 12 पार्थिव शिवलिंगों की आचार्य गोविंद माधव मिश्र की देखरेख में वैदिक मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक किया जाएगा। कई स्थानों पर श्री रामचरितमानस अखंड पाठ व भजन-कीर्तन आरभ हो गए हैं।

**इश्तेहार मुजरिया**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, पीलीभीत**
उत्तराधिकार वाद संख्या- 958 सन् 2023
ऊषा देवी उम्र करीब 59 वर्ष पत्नी स्व. गांधीराम मौर्य, निविदा ग्राम व पोस्ट व थाना घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत ... प्रार्थिनी
बनाम
1. विनोद कुमार मौर्य उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 2. प्रमोद कुमार मौर्य उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 3. चन्दन कुमार मौर्य उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व. गांधीराम मौर्य। समस्त निविदागण निवासी ग्राम व पोस्ट व थाना घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत
.......... विपक्षीगण
हर खास आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ऊषा देवी द्वारा वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक गांधी राम मौर्य की धनराशि के अदालत में योजित किया है, जो दर्ज रजिस्टर हो चुका है, जिसमें वास्ते आपत्ति एवं निस्तारण दिनांक 21/3/2024 तिथि नियत है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को भी प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति हो, वह निश्चित तिथि पर दिन के 10:00 बजे व्यक्तिगत रूप से अथवा द्वारा अधिवक्ता आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद तामील प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 02.03.2024 को यह इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।
मुन्सरिम
अदालत सिविल जज (सी.डि)
पीलीभीत

# किसानों को दी गई चीनी मिल और गन्ना विभाग की योजनाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● कहा-ट्रेंच विधि से बुआई के साथ मिल व विभाग से पाएं लाभ

**अमृत विचारः** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेड़ा चीनी मिल द्वारा मिल गेट के ग्राम पतरासी में बसंत कालीन गन्ना बुवाई की तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने ट्रेंच विधि से बुआई करने और चीनी मिल व गन्ना विभाग से योजनाओं के लाभ की जानकारी दी।

बसंत कालीन गन्ना बुवाई के क्रम में सचिव डॉ. राजीव कुमार गंगवार ने किसानों को समितियों के कृषकहित में चलाए जा रहे नवीन क्रियाकलाप के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक का लाभ किसानों को उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र मझरा फार्म के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार पांडेय ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसान हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के साथ, खेती के साथ बागवानी व सब्जियों की खेती, ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करके अतिरिक्त आमदनी लेने के लिए विस्तार से बताया गया। खंभारखेड़ा गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी ने गन्ना कृषकों के हित में चलायी जा रहीं विभिन्न योजनाओं के संबंध में बताया। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक ने अपने उत्पाद के प्रयोग से अच्छा परिणाम गन्ना फसल में लेने की जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख नकहा हरिवंश लाल वर्मा ने की। गोष्ठी में प्रगतिशील किसान किशोरी लाल अवस्थी, संदीप वर्मा, रामू, संतोष यादव आदि थे।

## शांति और सौहार्द से मनाएं त्योहार

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति सुरक्षा को लेकर नवागत मैलानी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने पुलिस चौकी कुकरा के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से शांति और सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की।

चौकी प्रांगण में हुई पीस कमटी की बैठक में थानाध्यक्ष मैलानी राजेश कुमार ने आगामी त्योहारों रमजान, महाशिवरात्रि, लोकसभा चुनाव में शांति, अमन चैन से करने की अपील की। कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता, गंगा जमुनी तहजीब कायम रखी जाए। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि फुरकानउद्दीन, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रधान हरजिंदर सिंह, धनीराम, रामकिशन, जनक यादव, कुलदीप कुमार, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार भारती, प्रधान मनोज कुमार यादव, पूर्व प्रधान फजलुर्रहमान अंसारी, अयूब सिद्दीकी, पूर्व प्रधान महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत केसरपुर, वि.खं. शेरगढ़ (बरेली)**
**निविदा सूचना**
सभी पंजीकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केसरपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से प्रा. विद्यालय केसरपुर में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईंट, मोरंग, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, रेता, आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें दिनांक 08.03.2024 से 09.03.2024 तक समय अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी, जो उसी दिन ग्राम पंचायत में दोपहर 2 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत केसरपुर में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य | 4,21,948/- |
| | आई.पी. 3125029065/AV/A58486255824, 133934 | |

ग्राम प्रधान-श्रीमती कामना देवी सचिव-श्री ए.पी. त्यागी

# कॉल कर बोला युवक, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को जान से मार देंगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● हरकत में आई पुलिस, चौकीदार की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** थाना हैदराबाद के एक युवक ने यूपी 112 पुलिस को कॉल की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को जान से मार देने की धमकी दी। इससे पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने गांव के चौकीदार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

गांव बनबुधेली निवासी राजेश ने बताया कि वह गांव का चौकीदार है। बुधवार की सुबह करीब 11: 30 बजे वह गांव में देखभाल के लिए गया था। उसे जानकारी मिली कि गांव के ही शिवकुमार अपने दरवाजे पर तमाम लोगों के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसका कहना है कि जब वह आरोपी के घर के पास पहुंचा तो आरोपी अपने मोबाइल से यूपी 112 पुलिस को कॉल की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को जान से मार देने की धमकी दी। वह जब आरोपी के घर पर पहुंचे तब भी वह मोबाइल पर बात कर रहा था और उससे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जान से मार देने की धमकी दे रहा था। थाना हैदराबाद पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर आरोपी शिवकुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

## सांसद ने 20 बेड के वार्ड का किया लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** धौरहरा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा ने गुरुवार को सीएचसी बेहजम में 20 बेड के वार्ड सहित पीएचसी संडिलवा व ककरहा में छह- छह बेड के अतिरिक्त वार्ड का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि जिले में करोड़ों की लागत से प्रधानमंत्री जन आरोग्य मंदिर बनवाए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को बेहतर इलाज मिलेगा। सीएचसी व पीएचसी की आबादी को देखते हुए बेड बढ़वाए हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राम शंकर राज, पूर्व ब्लाकप्रमुख अनिल वर्मा रहे।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से धीरज पुत्र रामदास व शकुंतला पत्नी रामदास नि.गण रियोनईया बदायूं एक किता मकान तादादी 74.47 वर्गमी. जो खेत नं. 253 मि. के जुज पर तामीर है वाकै रहपुरा चौधरी बरेली जिसकी चौहददी पूरब में प्लाट श्री श्रीराम यादव, पश्चिम में मजार, उत्तर में प्लाट बाबू खां व दक्षिण में रास्ता प्रा. 12 फिट चौड़ा है को इरफान पुत्र सुल्तान नि. 19 छावनी अशरफ खां निकट घोंसियों की मस्जिद बरेली से क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.04.2012 को बही सं. 01 जिल्द सं. 5307 के पृष्ठ 311 से 332 पर क्रमांक 4536 पर स.र. बरेली में हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना ई-थाना पर दि. 07.03.2024 को दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा धीरज आदि के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।
मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं.-7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हि.हा.फा.लि., बरेली मो. 9997389012

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक- 122, सिविल लाइन्स, बरेली E-Mail Id:- upavp.bly@rediffmail.com
IS 15700:2005
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय /व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन /भूखण्ड संख्या, सेक्टर / खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व० हेमेन्द्र प्रकाश पुत्र स्व.धर्मवीर | भवन सं.-171 जनकपुरी योजना सं.-3, बरेली | 30.08.2007 | श्री विक्रम प्रकाश पुत्र स्व. हेमेन्द्र प्रकाश | श्रीमती तारा देवी, श्री भानू प्रकाश श्रीमती छाया देवी | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम 5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्पत्ति प्रबन्धक

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## फ्री राशन के कार्डधारकों को मिलेगा 10 किलो का बैग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कार्डधारकों को अब निःशुल्क राशन के साथ दस किलो का झोला साथ मिलेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में पांच कार्ड धारकों को कैरी बैग देकर इसका शुभारंभ किया। जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जिले में आठ लाख 26 हजार 200 कार्डधारक हैं। इन सभी को बैग मिलेगें। इन बैगों को उचित दर विक्रेताओं को भेजा जा रहा है। बैग वितरण का ब्यौरा कोटेदारों को एक रजिस्टर पर अंकित करना होगा।

**आगामी पांच साल तक मुफ्त अनाज की मोदी सरकार की गारंटी :** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि कार्डधारकों को दिया जाने वाले बैग पर प्रधानमंत्री की फोटो के साथ ही योजना का नाम लिखा है। साथ ही पीएम मोदी का संदेश प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मकसद है कि मेरा कोई भाई-बहन व भारतवासी भूखा न रहे, यह भी अंकित है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नगरिया कल्यानपुर, वि.खं. मीरगंज (बरेली)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023- 24 में स्वीकृत मनरेगा/पंचम वित्त आयोग योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | सामग्री का विवरण | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बाबू सलमानी के घर से बृज लाल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 2,50,000/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा/पंचम वित्त आयोग |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 08/03/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 11/03/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जाएगी।
ग्राम प्रधान सचिव

**कार्यालय नगर निगम बरेली।**
पत्रांक : 421/सम्पत्ति कर विभाग/2023-24 दिनांक : 07.03.2024
**(नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित समस्त भवन स्वामियों/ अध्यासियों के लिए सार्वजनिक सूचना)**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम सीमान्तर्गत निर्मित समस्त भवनों की प्रस्तावित कर निर्धारण सूची उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 207 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्तिकर) नियमावली 2000 की धारा 5 के अन्तर्गत तैयार कर ली गयी है।
उक्त सूची नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 209 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्तिकर) नियमावली 2000 की धारा 5क के अन्तर्गत समस्त जोन कार्यालयों में तत्काल प्रभाव से कार्यालय अवधि में एवं नगर निगम बरेली की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर दिनांक 15.03.2024 से जन सामान्य के अवलोकनार्थ/निरीक्षण हेतु उपलब्ध है, यदि किसी भवन स्वामी/अध्यासी को प्रस्तावित कर निर्धारण सूची में उल्लिखित भवन के कारपेट एरिया, आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल की गणना या अन्य प्रविष्टियों आदि के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर वेबसाइट व माध्यम से ऑनलाइन एवं निर्धारित प्रारूप में लिखित रूप से जोन कार्यालयों में प्राप्त करा सकता है। प्रस्तावित कर निर्धारण सूची के सम्बन्ध में किसी जानकारी हेतु मो.नं. -9258753633 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है।
मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम बरेली। नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली।



# शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरूष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

## संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल



अयोध्या • राजेंद्र कुमार पांडेय

**अमृत विचार :** प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।



वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### केजी थ्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी थ्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।

---

सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

## सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर



**अमृत विचार :** तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिालफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की। लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

### 2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

---

## रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या • विवेक सक्सेना



**अमृत विचार:** गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

## चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर • अभिषेक वर्मा



**अमृत विचार:** 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

### पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

## वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं • प्रदीप सक्सेना



**अमृत विचार:** महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं। धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

### महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

---

मेहनत से छुआ आसमां | कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

## कभी दरवाजे-दरवाजे जाती थीं ऑर्डर लेने आज दो फैक्ट्रियों की एमडी हैं ममता



कानपुर • राजीव त्रिवेदी

**अमृत विचार:** जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू कराने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया। 90 के दशक में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए।

ममता ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थी। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

### उत्पाद की बेहतर क्वालिटी बनी सफलता का मंत्र

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उत्पाद जाने लगे। अब वे अपने उत्पाद को पनकी की दो फैक्टी में बनवाती है। एक फैक्ट्री में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं। वर्ष 1999 में उन्होंने अपने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर तेजी से रुख किया। अब वे दोबारा निर्यात के लिए योजना बना रहीं हैं।

## कड़े संघर्ष से प्रिया ने लिख दी कामयाबी की इबारत



- साधारण परिवार में जन्मी, बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में पास की पीसीएस जे परीक्षा, बनी अपर सिविल जज

पीलीभीत • सुनील यादव

**अमृत विचार:** महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया बदला है। यह बदलाव उन महिलाओं की देन है, जिन्हानें ने अपने हौंसले से मुश्किल रास्तों को सुगम बनाया और सफलता की मंजिल हासिल की। शहर निवासी प्रिया मिश्रा ने भी कड़े सघर्ष के बाद ऐसा मुकाम हासिल किया, जो जिले के महिलाओं के लिए एक मिसाल है। प्रिया वर्तमान में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। उन्होंने यह सफलता बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में हासिल की।

शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा एवं उमा देवी की पुत्री प्रिया मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा पूरनपुर के लकी चिल्ड्रेन स्कूल में हुई। पिता मनोज कुमार मिश्रा पीलीभीत में प्रेक्टिस करते थे। 2007 में यह परिवार पूरनपुर से पीलीभीत की आवास विकास कॉलोनी में आकर रहने लगा। बेटी प्रिया की प्रतिभा को देखते हुए दाखिला शहर के सेंट एलायसियस कॉलेज में कराया गया। कक्षा सात से लेकर बारहवीं तक की पढ़ाई इसी कॉलेज में की। इसके बाद उन्होंने बरेली के इस्लामिक लॉ कॉलेज से बीए एलएलबी और रुहेलखंड विश्वविद्यालय से एलएलएम की परीक्षा पास की।

इस दौरान परिवार ने कई उतार चढ़ाव भी देखे, लेकिन उन्होंने बेटी की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया। पिता को हिम्मत हारता न देख बेटी ने भी मन ही मन संकल्प लिया कि वह कुछ ऐसा करेगीं जिससे उनके माता-पिता ही नहीं बल्कि जिले का भी मान बढ़ेगा। पिता मनोज के मुताबिक कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह चार बजे तक पढ़ाई करता देख पिता का दिल भी पसीज उठा और उन्होंने प्रिया से पीएचडी कर प्रोफेसर बनने की सलाह दे डाली, लेकिन प्रिया अपनी बात पर अडिग रहीं।

बकौल प्रिया पीसीएस जे की तैयारी के दौरान मन में ख्याल आया था कि अगर कोचिंग ले लूं, तो सबकुछ शायद आसान हो जाएगा। मगर, परिवार की स्थिति और अन्य दो भाइयों की पढ़ाई में कहीं रुकावट न जाए, मैंने घर पर रहकर ही पढ़ाई की। वर्ष 2022-23 में प्रथम प्रयास में प्रिया ने पीसीएस जे परीक्षा पास की। वर्तमान में वह सीतापुर में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। साधारण परिवार से अपर सिविल जज तक के सफर को देख आज अधिकांश महिलाएं उनके जैसा बनने का सपना देख रही हैं।

### धार्मिक है प्रिया का स्वभाव

पिता मनोज मिश्रा के मुताबिक प्रिया बचपन से ही मेधावी और धार्मिक स्वभाव की रही है। आठ साल की आयु से ही प्रिया ने गिरिराज महाराज की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। हर महीने सात व्रत रखती हैं। प्रिया अपने मोहन की प्रतिमा रखती है और प्रतिदिन सेवा करती है।

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

## संपादकीय

# विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

# किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य




डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

## प्रसंगवश

# कुछ अनुसुने किस्से कहानी



मिलेवा मिरका


सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

# स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

## सोशल फोरम

# हुआ क्या मुझे रे तौबा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

# सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश


शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हैं। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

# पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

# रामलला आ गए और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया


## बोले मुख्यमंत्री, राम का नाम लेकर उप्र. में हो रहे सभी काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- किसानों को मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य राम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में ''संकल्प की सिद्धि'' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने यहां प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री,



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी बल्कि उनके बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति होगी। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विद्युत मंत्री एके शर्मा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव विद्युत विभाग महेश कुमार गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आए प्रदेशभर के अन्नदाता एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## आश्रम पद्धति विद्यालयों में फार्मासिस्ट के 90 फीसदी पद खाली

**लखनऊ, अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल भगवान भरोसे है। वजह, उनकी सेहत की प्राथमिक स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी उठाने वाले फार्मासिस्टों की संख्या न के बराबर है। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन विद्यालयों में फार्मासिस्टों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं। प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन्हें सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसी तरह विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आठ कोचिंग सेंटर संचालित हैं। समाज कल्याण विभाग ने इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए फार्मासिस्ट के 103 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में इन सृजित पदों के सापेक्ष विभाग में महज 14 फार्मासिस्ट ही तैनात हैं। इस संबंध में कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण ने कहा कि फार्मासिस्टों के पदोन्नति की नियमावली बनाकर शासन को भेज दी है।

## क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश का झांसा देकर हड़पे 200 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में फर्जी कंपनी खोल क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली कंपनी के सीएमडी समेत 15 लोगों द्वारा सैकड़ों लोगों से करीब 200 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है।

गोमतीनगर विस्तार थाने में महाराष्ट्र रायगढ़ निवासी ज्ञान शंकर ब्रह्म प्रसाद गुप्ता और चित्रकूट के मुस्तकिल निवासी रामगोपाल गुप्ता की तहरीर पर 15 लोगों पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने केंद्र सरकार से मान्यता के फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर संजेपॉवर्स टेक्नोलॉजीज नामक कंपनी में सैकड़ों लोगों से निवेश कराकर करीब 200 सौ करोड़ ठग लिये। ज्ञान शंकर ने बताया मुख्य आरोपी आशीष कुमार सिंह सिसोदिया व उसके सहयोगियों ने क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश पर एक वर्ष में कई गुना पैसा देने का लालच दिया था। झांसे में आकर उसने करीब 30 लाख निवेश कर दिये। इसके बदले वेबसाइट के जरिए डॉलर दिये थे। इसके बदले एक साल में 7 करोड़ रुपया देने का वादा किया था। इसके बाद परिचित रमेश पुजारी ने पांच लाख, दिनेश मौर्या ने 10 लाख व ज्योति यादव ने 1.5 लाख रुपये कपनी में निवेश कर दिये। कुछ समय बाद आरोपियों ने वेबसाइट बदल दी और कहा कि निवेश की रकम वापस नहीं मिल पाएगी।



### इन पर ठगी का आरोप दर्ज की गयी रिपोर्ट

कंपनी के सीएमडी आशीष कुमार सिंह निवासी सिधौर, बाराबंकी, मैनेजर, अंजलि पटेल निवासी अंबेडकर नगर, ब्रांड अंबेसडर संजय चतुर्वेदी, फाउंडर देवेंद्र सिंह, तिलक वर्मा निवासी गोमती नगर, उमेश मौर्या, चंद्रकला जगदाले, सीमा सिंह पत्नी आशीष कुमार सिंह, गौता देवी पुरी, धनेश्वर बक्श सिंह, सरजू गुप्ता, ओम प्रकाश रावत, राज कुमार पाल, प्रकाश राज, सुनील सिंह और रविंद्र पासवान।

## सार-संक्षेप

### भाजपा नेता प्रमोद यादव की गोली मारकर हत्या



**जौनपुर, एजेंसी :** जिले में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने भाजपा नेता प्रमोद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रमोद यादव अभी जिला मंत्री के पद पर हैं। 2012 के विधानसभा चुनाव में मल्हनी सीट से वह धनंजय सिंह की पत्नी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। पुलिस के अनुसार थाना सिकरारा क्षेत्र स्थित बोधापुर गांव निवासी भाजपा के जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव को दिन दहाड़े लगभग 10 बजे के आसपास बदमाशों ने गोली मारी। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण के बाद बदमाशों की तलाश में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि प्रमोद जैसे ही अपने घर से निकाल कर सड़क पर आए तभी बदमाशों ने गोली मार दी और फरार हो गए। मृतक के छोटे भाई श्रवण यादव ने पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि प्रमोद को 4-5 गोली मारी गई थी।

### जंगल में बेहोश मिली लापता बच्ची, दुष्कर्म की आशंका

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले के कुतुबशेर इलाके में लापता हुई नौ साल की एक बच्ची गुरुवार को कोलागढ़ के जंगल में बेहोश मिली। परिवार का आरोप है कि उससे दुष्कर्म किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि नौ साल की एक बच्ची कुतुबशेर थाना क्षेत्र की एक कालोनी में अपनी मौसी के घर आई थी तथा बुधवार शाम जब वह बच्चो के साथ खेल रही थी तब रात करीब आठ बजे वह संदिग्ध हालात में लापता हो गई। जैन ने बताया कि जब उस बच्ची के साथ खेल रहे अन्य बच्चों से उसके बारे में पूछा गया तो पता चला कि वह एक दुकान से खाने का कुछ सामान लेने गई थी। उनके अनुसार दुकानदार ने पूछने पर बताया कि बच्ची सामान लेकर दुकान से चली गई थी। उन्होंने बताया कि देर रात तक जब बच्ची का कुछ पता नहीं चला तो परिजन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। उनके मुताबिक परिजन आज सुबह उसकी तलाश करते हुए कोलागढ के जंगल में पहुंचे जहां वह बेहोशी की हालत में निर्वस्त्र मिली। जैन ने बताया कि पुलिस की मदद से बच्ची को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उनका कहना है कि बच्ची के पिता की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### घूसखोरी में बैक के फील्ड अफसर समेत दो गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सीबीआई ने पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में अलीगढ़ स्थिति ग्रामीण बैंक के फील्ड अधिकारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक शिकायत पर मोहित अग्रवाल, फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने के लिए आरोपी द्वारा घूस मांगी गई थी। उस केसीसी ऋण खाते को एनपीए घोषित कर दिया गया था और कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में दस लाख, तीन हजार दो सौ बत्तीस रुपये (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी।

### कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह, अमित शाह मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में सुनवाई 11 मार्च को होगी। गुरुवार को गवाह के न आने से कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र व मोहित तिवारी का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

# प्रदेश में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वांचल और बिहार से सटे उप्र के जिलों में नक्सली नेटवर्क पर टिकी है निगाह

**अमृत विचार :** नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन की प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद एटीएफ उप्र में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। इस बाबत अदालत से सात दिन रिमांड पर लिए गए कृपाशंकर सिंह से पूछताछ कर नक्सलियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के पूर्वांचल में पनाह लेने और सक्रिय होने के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है। दरअसल, कृपाशंकर सिंह कुशीनगर का मूल निवासी है, जबकि उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के यहां सक्रिय होने का अंदेशा हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए नक्सली हमले के बाद उप्र में नक्सल प्रभावित जिलों- चंदौली, गाजीपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन उप्र के इंटेलिजेंस महकमें ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, मऊ और आजमगढ़ में भी नक्सलियों को लेकर पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा था। 2009 में ही देवरिया के 26 गांवो में और कुशीनगर के एक गाँव में नक्सली गतिविधियों की बाद सामने आयी थी। पूर्वांचल में नक्सली सक्रियता की पुष्टि 2010 में गोरखपुर में महिला नक्सली हिरामन की गिरफ्तारी से भी हुई थी। सूत्रों के मुताबकि एटीएस अपनी पूछताछ में इस बिन्दुओं को भी शामिल किया है।

## बिना कारण वेतन वसूली न करने के निर्देश दिए

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में प्रधानाचार्य की सेवा बर्खास्तगी के मामले में कहा कि 32 वर्षों तक पूर्ण जिम्मेदारी और बिना किसी शिकायत के अपने सेवाकाल को पूर्ण किया है। याची प्रधानाचार्य के पद से मार्च 2019 को सेवानिवृत होने वाला था कि तिथि से मात्र तीन दिन पूर्व उसकी नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया। बिना किसी धोखाधड़ी के याची को सेवा से बर्खास्त कर देना और पिछले वेतन की वसूली करना अन्याय पूर्ण होगा। इस दृष्टिकोण से कोर्ट ने आक्षेपित आदेश में हस्तक्षेप न करते हुए वर्तमान याचिका को निस्तारित कर दिया, साथ ही याची को दिए गए वेतन और वित्तीय लाभों की वसूली करने से विभाग को मना कर दिया। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने शिवदत्त शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते पारित किया।

# इंडिया गठबंधन व पीडीए परिवार लाएगा देश में परिवर्तन : अखिलेश

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** संगम नगरी पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को एक निजी कार्यक्रम में सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा इंडिया गठबंधन व पीडीए परिवार देश में परिवर्तन लाएगा। डूबते प्रदेश को बचाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक कराती है। भाजपा मंत्री विधायकों को तोड़ने के लिए पैकेज देती है। सरकार ने गंगा सफाई की कसम खाई लेकिन कुछ नहीं किया। ऐसी सरकार जब मां गंगा की नहीं हो सकी तक जनता की क्या होगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 2 घंटे शहर में रुके। वह सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव की बेटे की शादी में शामिल हुए। लोकसभा चुनाव में बीजेपी का सफाया होने वाला है। भाजपा को इंडिया और पीडीए मिलकर हराएंगे। बसपा से गठबंधन के सवाल पर अखिलेश यादव बोले कि गठबंधन बहुत हो चुके हैं। अब हम लड़ाई के लिए खुद मैदान में आ रहे हैं। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, बीजेपी हटाओ, संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ नौकरी पाओ।

### हम चुनाव लड़ेंगे और लड़ाएंगे भी



कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर अखिलेश यादव ने कहा हम लड़ेंगे भी और लड़ाएंगे भी। अब सब कुछ किया जाएगा। कन्नौज ही नहीं, यूपी की सभी 80 सीटों पर बीजेपी को हराने का काम किया जाएगा। हम सम्मान के लिए राजनीति करते हैं और कुछ लोग सामान पाने के लिए राजनीति में आए हैं। विकसित भारत का नारा देने वाली बीजेपी विधायकों और नेताओं को पार्टी छोड़ने के लिए पैकेज देती है। यह लोकतंत्र में उचित नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि अकेले मदरसों को ही नहीं, बल्कि संस्कृत विद्यालयों को भी बंद किया जा रहा है। सरकार संस्कृत बोर्ड को भी खत्म करने की तैयारी कर रही है। बीजेपी सरकार सिर्फ एक समाज की नहीं, बल्कि देश की दुश्मन है।

# 31 चिकित्साधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉ. साधना अग्रवाल मानसिक चिकित्सालय बरेली की प्रभारी निदेशक नियुक्त

**अमृत विचार :** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के नवपदोन्नत चिकित्साधिकारी डॉ. पवन कुमार अरुण को लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल का नया निदेशक तैनात किया गया है।

वहीं डॉ. साधना अग्रवाल को प्रधानाचार्य आरएचएफडब्ल्यूटीसी बरेली से बरेली के मानसिक चिकित्सालय का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को चिकत्साधिकारियों के तबादलों के इस क्रम में संयुक्त निदेशक ग्रेड के 31 चिकित्साधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। तबादला संबंधी अलग-अलग आदेश गुरुवार को शासन के विशेष सचिव शिवसहाय अवस्थी ने जारी किए। डॉ. किरन मलिक को स्वास्थ्य महानिदेशालय में ही अपर निदेशक, डॉ. रेखा रानी को मुरादाबाद मंडल के संयुक्त निदेशक से महानिदेशालय में अपर निदेशक (प्रशिक्षण) बनाया गया है।

तबादलों की ही कड़ी में आगरा की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शोभना दुबे को सीएमएस जौनपुर से एडी मिर्जापुर मंडल डॉ. रचना गुप्ता को जेडी कानपुर मंडल से जिला महिला चिकित्सालय, डॉ. विनीता राय वर्मा को जेडी कानपुर मंडल सेएडी बस्ती मंडल, डॉ. शारदा चौधरी को टीबी सप्रू प्रयागराज के सीएमएस से एडी परिवार कल्याण महानिदेशालय, डॉ. सुदेश कुमारी को जिला कुष्ठ रोग अधिकारी रायबरेली से जिला चिकित्सालय मेरठ के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. रीतू कात्याल को सीएमएस मथुरा से एडी मुरादाबाद मंडल, डॉ. नीता कुलश्रेष्ठ को सीएमएस मलखान सिंह अस्पताल अलीगढ़ से महानिदेशालय में अपर निदेशक (पैरामेडिकल) के पद पर तैनाती दी गई है।

डॉ. अशोक कुमार राय को एसीएमओ मिर्जापुर से प्रभारी निदेशक मानसिक चिकित्सालय वाराणसी, डॉ. अशोक वाराणसी मानसिक अस्पताल के प्रभारी निदेशक डॉ. सीमा अग्रवाल को जेडी मुरादाबाद मंडल से एडी मेरठ मंडल, डॉ. गिरीश चंद्र नौगाई को रामपुर से एडी सहारनपुर मंडल, डॉ. अजय सिंह गौतम को सीएमएस चंदौली से परिवार कल्याण महानिदेशालय में एडी, डॉ. राजेंद्र कुमार को कासगंज से जिला अस्पताल आगरा का प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, बनाया गया है।

# ओमप्रकाश राजभर के तेवर मंत्री बनने के बाद बदले

- आज जो पावर सीएम के पास है वही मेरे पास भी है



**मऊ, एजेंसी :** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद ओमप्रकाश राजभर के तेवर अचानक बदल गए। मऊ जिले के मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के करहा के गुरादरी मठ में गुरुवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते उन्होंने खुद को गब्बर बताते हुए अपनी तुलना मुख्यमंत्री से कर डाली। राजभर ने कहा-मैंने बोला था न कि मै मंत्री बनूंगा। मैंने एकदम ललकार कर कहा था कि मंत्री बनुंगा और फिर बनकर दिखा भी दिया। आज जो पावर मुखमंत्री म के पास है, वही पावर उनके पास भी है। मैं शोले फिल्म का गब्बर हूं। यह बातें गुरुवार को सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कही।

आज जो पावर सीएम के पास है, वही पावर मेरे पास भी है। मैं शोले फिल्म का गब्बर हूं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश राजभर ने खुद को गब्बर सिंह बताते हुए कार्यकर्ताओं को पीला गमछा डालकर थाने में जाने की सलाह दी है। राजभर ने कहा कि थाने में दरोगा देखेगा तो तुम्हारी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर दिखाई देगा। बोल देना जाकर कि मंत्री जी ने भेजा है। दरोगा, एसपी, डीएम में पॉवर नहीं है कि फोन लगाकर पूछ सके कि मंत्री जी ने भेजा है या नहीं।

## वर्ग पहेली-3

**बाएं से दाएं**

2.1.कटहल का वृक्ष 2.उक्त वृक्ष का फल 3.कांटा 4.एक प्रकार का सांप 5.विभीषण का एक मंत्री 6.राम की सेना का एक बंदर।

4.एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6.1.हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2.बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7.1.प्रेमी, प्रेमासक्त 2.रूमानी।

8.1.पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2.शैवाल।

10.1.साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2.ठीक, अच्छा।

**ऊपर से नीचे**


1.1.शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2.ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3.टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5.1.भव्य 2.उत्तम, बढ़िया 3.ऐश्वर्यवाला 4.तड़क-भड़कवाला 5.प्रशंसनीय।

7.1.तालाब

9.कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



### वर्ग पहेली - 2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | लि | क | ■ | 2 उ | जा | ड़ू |
| ठि | ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ■ |
| या | ■ | 3 नि | ■ | 4 व | रू | थ |
| ■ | 5 दी | पा | व | ली | ■ | ■ |
| 6 आ | न | न | ■ | ■ | ■ | 7 स |
| ■ | दा | ■ | ■ | ■ | 8 बै | ट |
| 9 सु | र | ब | हा | र | ■ | ना |

## सुडोकू-82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

### सुडोकू - 81 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

**वृष** — आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

**कर्क** — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

**कन्या** — आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**धनु** — आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

**मकर** — आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

**कुंभ** — आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
गुलाब गैंग — सुबह : 12.00
एक और एक ग्यारह — शाम : 06.00

Sony Max
मैडम गीता रानी — सुबह : 11.20
हिचकी — शाम : 06.59

Sony Pix
वेनम — सुबह : 12.29
डोंट ब्रेथ — रात : 07.37

Zee Cinema
रश्मी रॉकेट (2021) — सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार — रात : 07.00

Colors Cineplex
कल हो न हो — सुबह : 09.29
जब बी मेट — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...
लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?
गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...
टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 8 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1850, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**–डालमियां 4000, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

# आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

## अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

### नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

### आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

## सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी





भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,200 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

## 1000 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का दावा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** मेरठ सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय ने बृहस्पतिवार को 232 फर्जी कंपनियों के नेटवर्क के जरिये 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मेरठ आयुक्त कार्यालय की केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की अपवंचना-रोधी शाखा ने अक्टूबर, 2023 में एक बड़े 'सिंडिकेट' की जांच शुरू की, जिसने फर्जी बिलिंग के जरिये धोखाधड़ी से आईटीसी का दावा किया था।

## मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया





मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

**नई दिल्ली।** लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

### सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

# पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

### संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

### भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।

# बीजेपी 2 महिलाओं को दे सकती है टिकट

ज्ञानेन्द्र सिंह, नई दिल्ली

## उत्तराखंड लोस सीट

- हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल सीट पर 10 मार्च को होगी चर्चा



**अमृत विचारः** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार टिकट बंटवारे में भी महिलाओं को ज्यादा महत्व दे रही है। दिल्ली में पहली बार भाजपा ने दो महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। यही प्रयोग उत्तराखंड में भी किए जाने की संभावना है।

उत्तराखंड में पांच सीटें हैं। वहां टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें टिहरी से मौजूदा सांसद माला राज्य लक्ष्मी को टिकट दिया गया है। इसी तरह अल्मोड़ा से अजय भट्ट एवं नैनीताल से अजय टम्टा (दोनों वर्तमान सांसद) को टिकट मिला है। जबकि हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल सीट पर विचार-विमर्श चल रहा है। यहां के वर्तमान भाजपा सांसदों पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक एवं तीरथ सिंह रावत का टिकट रोक दिया गया है। डॉ. पोखरियाल केंद्रीय शिक्षामंत्री थे लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। उसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि पोखरियाल को इस बार लोकसभा का टिकट नहीं मिलेगा। तभी से त्रिवेंद्र रावत और मदन कौशिक ने इस सीट पर चुनाव लड़ने का दावा किया था।

भाजपा हाईकमान के समक्ष हरिद्वार से त्रिवेंद्र रावत के नाम पर ज्यादा विचार चल रहा है। जबकि पौड़ी गढ़वाल सीट से राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत के नाम पर विचार चल रहा है। दीप्ति रावत ने गत दिवस पश्चिम बंगाल में आयोजित महिला रैली में बड़ी भूमिका निभाई थी और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ बंगाल भी गई थीं। उन्होंने राजस्थान विस चुनाव में भी विशेष योगदान दिया था।

दरअसल पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजपूत मतदाता हैं, उसको ध्यान में रखते हुए हाईकमान किसी राजपूत को उम्मीदवार बनाने के मूड में है। इसी क्षेत्र से महेंद्र भट्ट को राज्यसभा में ले लिया गया है। वे ब्राह्मण बिरादरी से हैं। भट्ट का तर्क देकर बीजेपी हाईकमान के समक्ष उत्तराखंड के कई नेताओं ने पौड़ी गढ़वाल से किसी राजपूत को टिकट देने की मांग की है। इसके चलते बलूनी की दावेदारी कमजोर पड़ रही है। फिलहाल हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों का अंतिम फैसला 10 मार्च को होगा।

## अभिजीत गंगोपाध्याय न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

## हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसा नों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

## अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार-विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

## अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

### 82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।



# कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

# आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

## मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## खेल डायरी

### सिंधू फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में, श्रीकांत हारे

**पेरिस, एजेंसी।** पीवी सिंधू ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अमेरिका की बेवेन झांग पर तीन गेम की जीत से महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सफर खत्म हो गया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट खेल रही सिंधू ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद झांग को 13-21 21-10 21-14 से हराकर सत्र के पहले क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अब सिंधू का सामना चीन की चेन यु फेई और डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफरर्सन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को हराया था लेकिन राउंड 16 में चीन के गुआंग जू से हार गए। श्रीकांत का चीन के खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। महिला एकल में सिंधू ने क्रास कोर्ट विनर से शुरूआत की लेकिन झांग ने भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों पर उलझाकर दबाव बनाते हुए 11-7 की बढ़त को 14-9 कर दिया। अमेरिका की खिलाड़ी ने जल्द ही 16-11 से पांच अंक की बढ़त बना ली और आठ गेम प्वांइट जीत लिये। दूसरे गेम में भी झांग ने अपने शॉट से दबदबा बनाते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। पर सिंधू ने वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी हासिल कर नेट के करीब प्रतिद्वंद्वी के कमजोर रिटर्न से 6-4 से आगे हो गईं।

### गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा ने बार्टेल से बाजी ड्रॉ की

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमेर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

### नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

### युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन




**नई दिल्ली।** भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

# कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

## यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

**धर्मशाला, एजेंसी**





बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी) 218/10 (57.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 79 | 108 | 11/1 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 27 | 58 | 4/0 |
| ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप | 11 | 24 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 26 | 56 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप | 29 | 18 | 2/2 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 24 | 42 | 3/0 |
| टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन | 06 | 09 | 1/0 |
| मार्क वुड का रोहित बो अश्विन | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 11 | 22 | 2/0 |
| एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 5, **विकेट पतन:** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी:** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

**भारत (पहली पारी) 135/1 (30 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 52 | 83 | 6/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 26 | 39 | 2/2 |

**अतिरिक्त:** 0, **विकेट पतन:** 1-104, **गेंदबाजी:** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.301 |
| मुंबई | 6 | 4 | 2 | 8 | 0.375 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.038 |
| यूपी | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.435 |
| गुजरात | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.278 |

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस :** 160/6, नेट साइवर-ब्रंट 45, एमेलिया केर 39, हरमनप्रीत कौर 33, संजीवन सजना 22*। **विकेट :** चमारी अटापट्टू 2, राजेश्वरी गायकवाड़ 1, दीप्ति शर्मा 1, साइमा ठाकोर 1

**यूपी वॉरियर्स :** 118/9, दीप्ति शर्मा 53*, श्वेता सहरावत 17, ग्रेस हैरिस 15, उमा छेत्री 08, किरण नवगिरे 07, पूनम खेमनार 07। **विकेट :** शबनीम इस्माइल 1, साइका इशाक 3, हेली मैथ्यूज 1, पूजा वस्त्रकर 1, नेट साइवर-ब्रंट 2, संजीवन 1

# मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 42 रन से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स को 42 रन से हराकर चौथी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने शुरूआती झटकों के बाद 6 विकेट पर 160 रन बनाए। इसका पीछा करने उतरी यूपी ने पांचवें ओवर में 15 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। इन झटकों से टीम उबर नहीं सकी और दीप्ति शर्मा की नाबाद 53 रन की पारी भी काम न आ सकी, जिन्होंने 36 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। यूपी 9 विकेट पर 118 रन बनाकर हार गई। यह उसकी दूसरी हार है। मुंबई के चौथी जीत से 8 अंक हो गए हैं, जिससे वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली के बराबर पहुंच गई है। यूपी का स्कोर 10 ओवर में 4 विकेट पर 42 रन था और उसे 60 गेंद में 119 रन बनाने थे। दीप्ति को छोड़कर उसकी सिर्फ दो खिलाड़ी ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें ग्रेस हैरिस ने 15 और श्वेता सेहरावत ने 17 रन बनाए। मुंबई की साइका इशाक सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने 27 रन देकर 3 विकेट और नैट साइवर ब्रंट ने 2 विकेट लिए। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। लेकिन नैट साइवर ब्रंट (31 गेंद में 45 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30 गेंद में 33 रन) ने 3 विकेट के लिए 46 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। अमेलिया केर ने 23 गेंद में नाबाद 39 रन और संजीवन सजना ने 14 गेंद में नाबाद 22 रन का बनाया। इन दोनों ने अंत में 4.2 ओवर में 43 रन जोड़े। मुंबई ने अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज के विकेट चौथे ओवर तक गंवा दिए थे।





## जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

## राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूवेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

## रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं।लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं।छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

## इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

## प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता । नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

### जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही



जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

## प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

# कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस




अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

### फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

### बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

### शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना




अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

## एक नजर

### मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9 .6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।

### मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।



### नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

**काठमांडू।** देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

### पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

**वारसों।** पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। युक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

# सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन

## जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में होगा गंभीर असर

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है।



टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

## राजनाथ की पाकिस्तान-चीन को सख्त हिदायत शत्रुता का भाव रखने वालों को छोड़ेंगे नहीं

### भारत पर बुरी नजर डालने वालों को मुंहतोड़ जवाब देगी भारतीय सेना : रक्षा मंत्री राजनाथ

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद और सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत हमेशा से एक शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन बुरे इरादे या शत्रुता का भाव रखने वाले को छोड़ेगा नहीं।

देश के दुश्मनों को सख्त हिदायत देते हुए राजनाथ सिंह ने बंद शब्दों में कहा कि अगर कोई भारत पर बुरी नजर डालेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सेना तैयार है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ और हिंद महासागर में चीनी सैन्य आक्रमण पर रक्षा मंत्री ने चिंता जाहिर की है। रक्षा क्षेत्र में सेना के आत्मनिर्भर बनने के कदम पर राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक नई ऊर्जा के साथ काम किया गया है। जिसके चलते भारत एक मजबूत और वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में सामने आया है। एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा तंत्र पहले के मुकाबले आज ज्यादा मजबूत है क्योंकि मोदी सरकार इससे भारतीयता की भावना के साथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वर्तमान और विगत की केंद्र सरकारों के बीच अंतर करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार भारत के लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, लेकिन पहले सत्ता में रहने वाले लोग भारतीयों की क्षमताओं पर विश्वास नहीं करते थे। राजनाथ ने कहा कि हम सैनिकों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम हैं।



# महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

- वाघा सीमा के रास्ते लाहौर पहुंचे श्रद्धालु 12 मार्च को लौटेंगे भारत

**लाहौर।** पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे।

## भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं।

## अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी




- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### रोमांच में जाम बना बाधा...



**मनाली :** बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। सड़कों पर यातायात दबाव बढ़ने से वाहन घंटों रेंगते रहे। मनाली शहर से अटल टनल, वामतट मार्ग, कुल्लू-मनाली हाईवे और हिडिंबा मंदिर जाने वाली सड़क पर चक्का जाम हो गया। जाम ने सैलानियों के रोमांच का मजा किरकिरा कर दिया। ● एजेंसी

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

# ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।




ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

### 5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

# कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

### कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।